CMYK



केरल : सबरीमाला मंदिर से 4.5 किलो सोना गायब, हाईकोर्ट ने दिए जांच के आदेश, 7 दिन में मांगी रिपोर्ट

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोक शक्ति



बिहार : नीतीश कुमार ने बेरोजगार ग्रेजुएट को दिया बड़ा तोहफा, हर महीने मिलेंगे 1000 रुपये

RNI Regn. No.7789/1964 | वर्ष-61 > अंक - 264 | रायपुर | शुक्रवार 19 सितंबर 2025 विक्रम संवत 2082 | पृष्ठ 8 > मूल्य : 2 रू. | डाक पंजीयन : C.G./RYP DN/71/2023-25

### वोट चोरी वाले आरोपों पर बीजेपी का पलटवार :'हाइड्रोजन बम फोड़ने वाले थे, फुलझड़ी भी फुस हो गई'

# नेपाल और बांग्लादेश जैसी स्थिति पैदा करना चाहते हैं राहुल : भाजपा

### 'माफी मांगना और कोर्ट की फटकार खाना राहुल का काम'

नईदिल्ली,एजेंसी





चुनाव आयोग पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा लगाए गए आरोपों पर भाजपा ने फिर से कटाक्ष किया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि राहुल हाइड्रोजन बम फोड़ने वाले थे, लेकिन फुलझड़ी से काम चलाना पड़ा। यही नहीं, ठाकुर ने राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी पर भारतीय लोकतंत्र व संवैधानिक संस्थाओं के विरुद्ध षड्यंत्र करने का गंभीर आरोप लगाया।

बीजेपी नेता ने कहा कि कांग्रेस नेता संवैधानिक संस्थाओं पर प्रश्न खड़े कर, बार-बार झूठ बोलकर और जनता को गुमराह कर भारत में भी नेपाल व बांग्लादेश जैसी स्थिति पैदा करना चाहते हैं। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस लगातार 90 चुनाव हार चुकी है, इसलिए उनकी हताशा-निराशा दिन ब दिन बढ़ती जा रही है। आरोपों की राजनीति को उन्होंने अपना आभूषण बना लिया है। उन्होंने कटाक्ष किया कि जब इन्हीं के द्वारा लगाए गए आरोपों को प्रमाणित करने के लिए कहा जाता है तो पीठ दिखाकर भाग जाते हैं। शपथ पत्र देने के लिए कहा जाता है तो मुकर जाते हैं। बार-बार आरोप लगाने के बाद माफी मांगना और कोर्ट से फटकार खाना राहुल का काम हो गया है। उनके कीचड़ उछालो और भाग जाओ, हिट एंड रन के कई केस हैं।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने सवाल उठाया कि जिस अलांद विधानसभा सीट का उल्लेख राहुल गांधी ने किया है, उसे 2023 में कांग्रेस के उम्मीदवार ने ही जीता था। क्या कांग्रेस ने वोट चोरी करके सीट जीती थी?

**'लोकतंत्र को बर्बाद करने की तैयारी है क्या?'** वहीं, राहुल के ही बयान को लपकते हुए भाजपा ने पलटवार किया कि एक बात आज राहुल गांधी ने मान ली। उन्होंने अपने ऊपर ही हाइड्रोजन बम फोड़ दिया। कह दिया कि मैं लोकतंत्र बचाने नहीं आया हूं। ठाकुर ने पूछा- लोकतंत्र को बर्बाद करने की तैयारी है क्या? क्या चाहती है कांग्रेस? चुनाव आयोग की निष्पक्षता सवाल उठाने वाली कांग्रेस पर पलटवार किया कि रमादेवी, एमएस गिल, टीएन शेषन आदि को चुनाव आयुक्त किस पार्टी ने नियुक्त किया और यह सब किस पार्टी में वापस गए? यह सब कांग्रेस में गए। इन्होंने चुनाव आयोग का कभी दुरुपयोग किया होगा, उनको बड़े-बड़े पद भी बाद में दिए गए होंगे।

**'धमाका करने आए थे, ड्रामा करके चले गए'** ठाकुर ने तंज कसा कि जब-जब राहुल गांधी ने आरोप लगाए और कोर्ट गए तो हर बार मुंह की खानी पड़ी। क्या इसी डर से राहुल अब शपथ पत्र नहीं दे रहे हैं? आए थे धमाका करने और ड्रामा करके चले गए। अगर इतना ही दम राहुल के तर्कों में है तो कोर्ट क्यों नहीं जाते? कोई सुबूत नहीं देते? क्या संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करना और भारतीय लोकतंत्र के खिलाफ बड़ा षड्यंत्र नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस का है? उन्होंने दावा किया कि एसआइआर का मुद्दा उठा रहे राहुल बिहार चुनाव के बाद फिर माफी मांगेंगे।

ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाया पाकिस्तान,

### एलओसी से सटे इलाकों में लॉन्चिंग पैड एक्टिव, घुसपैठ की फिराक में 40 आतंकी



श्रीनगर ।

ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाई पाकिस्तान की सेना और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई ने कश्मीर में मरनासन्न आतंकवाद को जिंदा करने के लिए बड़े पैमाने पर घुसपैठ का षडयंत्र रचा है। इसके तहत नियंत्रण रेखा (एलओसी) के साथ लगे इलाकों में और जम्मू-कश्मीर व पंजाब की अंतरराष्ट्रीय सीमा के निकट कई नए लॉन्चिंग पैड सक्रिय किए गए हैं।

सूत्रों ने बताया कि करीब एक दर्जन नए लॉन्चिंग पैड पिछले एक माह के दौरान एलओसी के पार सक्रिय हुए हैं। ये प्रमुख जगहें राजौरी-पुंछ, बारामुला-कुपवाड़ा और गुरेज के पास बताई जा रही हैं। साथ ही जम्मू के सांबा जिले के अंतरराष्ट्रीय सीमा पार लूनी और बड़ा बाबा मसरुर क्षेत्र में भी दो नए लॉन्चिंग पैड शुरू होने की सूचना है। प्रत्येक लॉन्चिंग पैड पर लगभग दो-तीन आतंकियों की मौजूदगी बताई जा रही है, कुल मिलाकर करीब 40 आतंकी सक्रिय बताए जा रहे हैं।

सूत्रों का कहना है कि इन आतंकियों में अधिकांश पाकिस्तानी पंजाब और गुलाम जम्मू-कश्मीर के निवासी हैं, जबकि कुछ के कश्मीरी होने का दावा भी किया जा रहा है। कई ऐसे कश्मीरी आतंकियों की पहचान हुई है जो पिछले कुछ वर्षों में घाटी से अचानक लापता हुए थे या पासपोर्ट के आधार पर पाकिस्तान गए थे।

### प्रधानमंत्री मोदी ने नेपाल की अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की से बातचीत की



**एजेंसी।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज नेपाल की अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री श्रीमती सुशीला कार्की के साथ टेलीफोन पर बातचीत की। प्रधानमंत्री ने नेपाल की प्रधानमंत्री श्रीमती सुशीला कार्की को उनकी नियुक्ति पर बधाई दी और भारत सरकार तथा भारत के लोगों की तरफ से उन्हें शुभकामनाएं दीं। श्री मोदी ने नेपाल में हाल में हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान जान-माल के नुकसान पर गहरी संवेदना व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के बीच विशेष सम्बन्धों को और सुदृढ़ बनाने के लिए घनिष्ठतापूर्वक कार्य जारी रखने के प्रति भारत की तत्परता व्यक्त की। उन्होंने नेपाल में शांति और स्थिरता की बहाली की दिशा में नेपाल के प्रयासों के लिए भारत का पूर्ण समर्थन व्यक्त किया। प्रधानमंत्री श्रीमती सुशीला कार्की ने नेपाल को भारत के दृढ़ समर्थन के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी को धन्यवाद दिया और दोनों देशों के बीच सम्बन्धों को और सुदृढ़ करने की प्रधानमंत्री श्री मोदी की इच्छा दोहराई।

## हिंडनबर्ग केस- अडाणी को SEBI की क्लीनचिट

### गौतम अडाणी बोले- झूठी कहानी फैलाने वाले देश से माफी मांगे



**एजेंसी।** सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (SEBI) ने गुरुवार, 18 सितंबर को हिंडनबर्ग रिसर्च के आरोपों को खारिज करते हुए अडाणी ग्रुप को क्लीनचिट दे दी है। 24 जनवरी 2023 को हिंडनबर्ग रिसर्च ने एक रिपोर्ट जारी की, जिसमें अडाणी ग्रुप पर मनी लॉन्ड्रिंग से लेकर शेयर मैनिपुलेशन जैसे कई आरोप लगाए गए थे। इससे 25 जनवरी तक ग्रुप के शेयरों की मार्केट वैल्यू करीब 12 बिलियन डॉलर (1 लाख करोड़ रुपए) कम हो गई थी। सेबी से क्लीनचिट मिलने के बाद ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी ने कहा, 'लंबी जांच के बाद, सेबी ने फिर से वही बात कही जो हम हमेशा कहते आए हैं। हिंडनबर्ग के दावे बेबुनियाद थे। पारदर्शिता और ईमानदारी हमेशा से अडाणी ग्रुप की पहचान रही है। हमें उन निवेशकों के नुकसान का बहुत दुख है, जिन्होंने इस फर्जी और दुर्भावनापूर्ण रिपोर्ट की वजह से पैसा गंवाया। जिन लोगों ने झूठी कहानियां फैलाईं, उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए।

## रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर में तेजी से हो रहा निवेश आने वाली पीढ़ियों के लिए नया भविष्य गढ़ेगा : मुख्यमंत्री

### रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर में तेजी से हो रहा निवेश आने वाली पीढ़ियों के लिए नया भविष्य गढ़ेगा : मुख्यमंत्री

### राजिम क्षेत्र के लोगों को मिली सस्ती और सुलभ रेल सेवा, यात्रियों को होगा लाभ : मुख्यमंत्री श्री साय

रायपुर, संवाददाता



मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राजिम में नई रेल सेवा का शुभारंभ किया। उन्होंने क्षेत्र के लोगों की आवागमन सुविधा में वृद्धि करते हुए राजिम से रायपुर के लिए नई मेमू ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने राजिम-रायपुर-राजिम मेमू नई ट्रेन सेवा तथा रायपुर-अभनपुर 2 मेमू रेल सेवा का राजिम तक विस्तार भी प्रारंभ किया। भारी संख्या में यात्री इस अवसर पर ट्रेन में सवार हुए और उत्साहपूर्वक रायपुर की ओर रवाना हुए। सस्ती एवं सुलभ नई रेल सुविधा मिलने से पूरे क्षेत्र में हर्ष और उल्लास का वातावरण रहा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इस नई रेल सेवा से राजिम सहित गरियाबंद एवं देवभोग क्षेत्र के लोगों को भी राजधानी रायपुर तक सस्ती और किफायती यात्रा का विकल्प प्राप्त होगा। विद्यार्थी, नौकरीपेशा वर्ग और व्यापारी वर्ग सहित सभी के लिए यह ट्रेन अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ का प्रयाग, राजिम अब रेल नेटवर्क से जुड़ गया है। ग्रामीण अंचलों से राजधानी रायपुर का आवागमन अब और अधिक सुगम, सुविधाजनक और किफायती बन गया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारे छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आशीर्वाद से लगातार 19 महीनों से विकास की गति निरंतर अग्रसर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर में तेजी से हो रहा निवेश आने वाली पीढ़ियों के लिए नया भविष्य गढ़ेगा। उन्होंने बताया कि लगभग आठ वर्ष पूर्व धमतरी से रायपुर तक नैरोगेज ट्रेन चलती थी और अब आठ वर्षों के अंतराल के बाद यहां ब्रॉडगेज ट्रेन सुविधा उपलब्ध हुई है। इसके लिए उन्होंने पूरे छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के प्रति आभार व्यक्त किया।

### भारत अभी एकल दर जीएसटी के लिए तैयार नहीं, दुर्गा पूजा को देखते हुए 22 सितंबर को लागू होंगी नई दरें : वित्तमंत्री

**कोलकाता. एजेंसी** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को कहा कि भारत फिलहाल एकल दर जीएसटी के लिए तैयार नहीं है. उन्होंने कोलकाता में आयोजित एक कार्यक्रम में बताया कि संशोधित स्लैब्स को 22 सितंबर से लागू किया जाएगा और इस तिथि का निर्धारण बंगाल की दुर्गा पूजा को ध्यान में रखकर किया गया है. सीतारमण ने कहा कि जीएसटी की समीक्षा के दौरान यह आवश्यकता महसूस की गई थी कि चार दरों की जगह एक सरल ढांचा बने. हालांकि जब यह सवाल उठा कि क्या अभी देश एक दर प्रणाली अपनाने के लिए तैयार है, तो जवाब था अभी नहीं. भविष्य में कभी ऐसा संभव हो सकता है।

## सऊदी-पाक के बीच रक्षा समझौता, मिलकर हमले का जवाब देंगे



**रियाद. एजेंसी।** सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान और पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने एक रक्षा समझौते पर साइन किए. इस समझौते के तहत एक देश पर हमला दूसरे पर भी हमला माना जाएगा. सऊदी प्रेस एजेंसी के मुताबिक दोनों देशों ने एक जॉइंट स्टेटमेंट में कहा कि यह समझौता दोनों देशों की सुरक्षा बढ़ाने और विश्व में शांति स्थापित करने की प्रतिबद्धता को दिखाता है. इस समझौते के तहत दोनों देशों के बीच डिफेंस कॉर्पोरेशन भी डेवलप किया जाएगा. इस समझौते के तहत मिलिट्री सहयोग किया जाएगा. इसमें जरूरत पडने पर पाकिस्तान के परमाणु हथियारों का इस्तेमाल भी शामिल है.

सऊदी अरब और पाकिस्तान के रक्षा समझौते पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत सरकार को इसकी जानकारी पहले से थी. शहबाज शरीफ के साथ पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसीम मुनीर, उप प्रधानमंत्री इशाक डार, रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ, वित्त मंत्री मोहम्मद औरंगजेब और हाई लेवल डेलिगेशन सऊदी पहुंचा है. जिस वक्त इस रक्षा समझौते पर साइन किए जा रहे थे तब पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसीम मुनीर भी वहां मौजूद थे. एक अधिकारी ने रॉयटर्स को बताया कि यह समझौता किसी खास देश या घटना के खिलाफ नहीं हुआ है, बल्कि दोनों देशों के बीच लंबे समय तक चलने वाले गहरे सहयोग का आधिकारिक रूप है.

**पाकिस्तान ने नाटो जैसी फोर्स बनाने का सुझाव दिया था-**

इजराइल ने 9 सितंबर को कतर की राजधानी दोहा में हमास चीफ खलील अल-हय्या को निशाना बनाकर हमला किया था. इस हमले में अल-हय्या बच तो गया थाए लेकिन 6 अन्य लोगों की मौत हो गई थी।

विश्व | अंतरराष्ट्रीय समुदाय से भारत की अपील

## लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद को अफगान क्षेत्र का उपयोग न करने दें' : भारत

संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ।



भारत ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया कि लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी), जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) और अन्य आतंकवादी संगठन अफगानिस्तान की धरती का दुरुपयोग न कर सकें।

भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने सुरक्षा परिषद को बताया कि भारत अफगानिस्तान में सुरक्षा स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है।

उन्होंने कहा, अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को एकजुट होकर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा नामित संगठन और व्यक्ति, जैसे इस्लामिक स्टेट, अल-कायदा और उनके सहयोगी लश्कर-ए-तैयबा व जैश-ए-मोहम्मद, उनके समर्थक, अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल आतंकी गतिविधियों के लिए न करें।

हरीश ने आगे कहा कि भारत, लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े संगठन द रेसिस्टेंस फ्रंट द्वारा पहलगाम में किए गए आतंकी हमले की कड़ी निंदा का स्वागत करता है, जिसमें 26 नागरिकों को उनके धर्म के आधार पर मारा गया था।


अफगानिस्तान के लिए महासचिव की विशेष प्रतिनिधि रोजा ओटुनबायेवा, जिन्होंने अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन (यूएनएएमए) पर परिषद की चर्चा के दौरान पहले बात की थी, ने चेतावनी दी कि बड़े पैमाने पर सशस्त्र संघर्ष और हिंसा में उल्लेखनीय गिरावट के बावजूद चरमपंथी समूहों की उपस्थिति अफगानिस्तान के लिए एक समस्या है।

2021 में अमेरिकी सैनिकों की वापसी के बाद तालिबान ने अफगानिस्तान पर कब्जा कर लिया, लेकिन संयुक्त राष्ट्र और भारत सहित ज्यादातर देशों ने इसे मान्यता नहीं दी है।

# ट्रंप ने 'एंटीफा' को 'प्रमुख आतंकवादी संगठन' घोषित किया

### डोनाल्ड चार्ली किर्क की हत्या के बाद फैसला





**वाशिंगटन, एजेंसी।** ,अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को एंटीफा को एक प्रमुख आतंकवादी संगठन घोषित किया। यह घोषणा उनके करीबी सहयोगी और दक्षिणपंथी राजनीतिक कार्यकर्ता चार्ली किर्क की हत्या के कुछ दिनों बाद की गई।

ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में लिखा, मुझे अपने सभी अमेरिकी देशभक्तों को यह बताते हुए खुशी हो रही है कि मैं एक बीमार, खतरनाक, कट्टरपंथी वामपंथी संगठन, एंटीफा को एक प्रमुख आतंकवादी संगठन घोषित कर रहा हूं। मैं यह भी दृढ़ता से अनुशंसा करता हूं कि एंटीफा को वित्तपोषित करने वालों की उच्चतम कानूनी मानकों और प्रक्रियाओं के अनुसार गहन जांच की जाए। इस मामले पर ध्यान देने के लिए आपका धन्यवाद!

ट्रंप ने यह स्पष्ट नहीं किया कि उनका प्रशासन इस चरित्र-चित्रण के लिए किन मानदंडों का उपयोग करेगा और वामपंथी झुकाव वाले आंदोलन को निशाना बनाने के लिए वे क्या कदम उठाएंगे। ऐसा प्रतीत होता है कि एंटीफा का कोई केंद्रीकृत ढांचा या कोई निश्चित नेतृत्व नहीं है।

पिछले सप्ताह अमेरिकी राष्टपति ने देश में बढ़ती राजनीतिक हिंसा के लिए बार-बार इस संगठन को दोषी ठहराया, जिसमें रूढ़िवादी टिप्पणीकार चार्ली किर्क की हत्या भी शामिल है।

फॉक्स न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा, मैं आपको कुछ ऐसा बताऊंगा जिससे मैं मुश्किल में पड़ सकता हूँ, लेकिन मुझे इसकी कोई परवाह नहीं है। दक्षिणपंथी कट्टरपंथी अक्सर इसलिए कट्टरपंथी होते हैं क्योंकि वे अपराध नहीं देखना चाहते। वामपंथी कट्टरपंथी ही समस्या हैं, और वे क्रूर हैं, वे भयानक हैं और वे राजनीतिक रूप से चतुर हैं।

मंगलवार को यूटा में अभियोजकों ने किर्क की हत्या के मुख्य आरोपी टायलर रॉबिन्सन पर हत्या और छह अन्य आरोप लगाए। उन्होंने घोषणा की कि वे इसके लिए मौत की सजा की मांग करेंगे।

अभियोजकों के अनुसार, रॉबिन्सन की मां ने जांचकर्ताओं को बताया कि पिछले एक साल में रॉबिन्सन अधिक राजनीतिक हो गया था और वह समलैंगिक और ट्रांसजेंडर अधिकारों के समर्थन में अधिक झुकाव रखने लगा था।

दस्तावेज में यह भी उल्लेख किया गया है कि मां ने बताया कि रॉबिन्सन ने अपने रूममेट के साथ डेटिंग शुरू कर दी थी, जो एक जैविक पुरुष था और अब महिला बनने की ओर अग्रसर था। 31 वर्षीय किर्क 10 सितंबर को यूटा वैली यूनिवर्सिटी में एक कार्यक्रम में भाषण दे रहे थे, तभी उनकी गर्दन में गोली लग गई। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन कुछ ही देर बाद उनकी मौत हो गई।

### बांग्लादेश : शेख हसीना और उनके परिवार का वोटर कार्ड ब्लॉक, अगले चुनाव में वोटिंग पर रोक



**ढाका एजेंसी,।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनके परिवार के कई सदस्य अगले साल होने वाले चुनाव में वोट नहीं डाल सकेंगे। उनके राष्ट्रीय पहचान पत्र (एनआईडी) कार्ड ब्लॉक कर दिए गए हैं। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। निर्वाचन आयोग (ईसी) के वरिष्ठ सचिव अख्तर अहमद ने बुधवार को पत्रकारों से कहा कि जिन लोगों का राष्ट्रीय पहचान पत्र (एनआईडी) ब्लॉक है, वे विदेश से वोट नहीं डाल सकेंगे। उन्होंने बताया कि जिन लोगों ने मुकदमों या अन्य कारणों से देश छोड़ा है, वे वोट डाल सकते हैं, बशर्ते उनका एनआईडी ब्लॉक न हो।

उन्होंने कहा कि विदेश से वोट देने के लिए एनआईडी नंबर के साथ ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना होगा। पासपोर्ट से यह काम नहीं होगा। अगर किसी का एनआईडी ब्लॉक है, तो वे रजिस्टर नहीं कर सकते और वोट नहीं डाल पाएंगे। केवल एनआईडी के साथ रजिस्टर करने वालों को ही यह मौका मिलेगा।

जब उनसे पूछा गया कि क्या शेख हसीना वोट दे पाएंगी, तो उन्होंने कहा, वह वोट नहीं दे पाएंगी, क्योंकि उनका एनआईडी ब्लॉक कर दिया गया है। राष्ट्रीय पहचान पंजीकरण विंग ने अपने महानिदेशक, एएसएम हुमायूं कबीर के मौखिक निर्देश के बाद हसीना और उनके परिवार के नौ सदस्यों की एनआईडी को 'लॉक' कर दिया था।

CMYK

# एबीवीपी रायपुर महानगर अध्यक्ष बने डॉ. अनुज शुक्ला

## सुजल गुप्ता को रायपुर महानगर मंत्री के रूप में निर्वाचित

रायपुर, संवाददाता।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, रायपुर महानगर की सत्र 2025-26 की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा आज संपन्न हुई। इस अवसर पर प्रदेश संगठन मंत्री महेश साकेत एवं प्रदेश मंत्री यज्ञदत्त वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यकारिणी में डॉ. अनुज शुक्ला को रायपुर महानगर अध्यक्ष तथा सुजल गुप्ता को रायपुर महानगर मंत्री के रूप में निर्वाचित किया गया।

डॉ. अनुज शुक्ला वर्तमान में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं। वे पूर्व में विद्यार्थी परिषद के समर्पित कार्यकर्ता रहे हैं तथा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं कैंपस अध्यक्ष जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ निभा चुके हैं।

महानगर मंत्री के रूप में निर्वाचित सुजल गुप्ता कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के विद्यार्थी हैं। वे पूर्व में रायपुर महानगर सह मंत्री के रूप में सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं और संगठनात्मक दृष्टि से निरंतर योगदान देते रहे हैं।

इस अवसर पर अपने उद्बोधन में प्रदेश मंत्री यज्ञदत्त वर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों को अधिकाधिक जोड़कर देशभक्ति के कार्य में लगाना ही परिषद का ध्येय है।

वहीं, प्रदेश संगठन मंत्री महेश साकेत ने विद्यार्थी परिषद की पूर्व उपलब्धियों एवं बलिदानों का उल्लेख करते हुए संगठन की शताब्दी वर्ष यात्रा एवं पाँच परिवर्तन की जानकारी दी।

इस सत्र की कार्यकारिणी में कुल 78 सदस्य शामिल किए गए हैं। संगठनात्मक मजबूती के लिए महानगर को पाँच भागों– उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम एवं नया रायपुर–में विभाजित कर संयोजक मंत्रियों की नियुक्ति की गई।

# केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री ने जिले में संचालित प्रोजेक्ट 'झरिया' और प्रोजेक्ट 'धड़कन' का किया अवलोकन, की सराहना





## पिंक ई-रिक्शा में हुई सवार, किया महिला वाहन चालकों का उत्साहवर्धन

रायपुर संवाददाता

केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी आज राजधानी प्रवास के दौरान निमोरा आंगनबाड़ी केन्द्र-1 में पहुंची और रायपुर जिले के नवाचार प्रोजेक्ट 'झरिया' और प्रोजेक्ट 'धड़कन' का अवलोकन किया। साथ ही पिंक ई-रिक्शा के महिला वाहन चालकों से मुलाकात की। केन्द्रीय मंत्री ने जिले रायपुर में प्रोजेक्ट 'झरिया' के तहत बनाए जा रहे एल्कलाइन वॉटर के संबंध में महिला समूहों से जानकारी ली। कलेक्टर डॉ सिंह ने बताया कि बिहान समूह की महिलाएं एल्कलाइन वॉटर बना रही हैं जिसकीं पैकेजिंग कांच के बॉटल में होती है। जिसमें पानी की कीमत 7 रूपए है और बॉटल सिक्योरिटी की कीमत 50 रूपए हैं जो बॉटल वापस करते ही उन्हें मिल जाती है। केन्द्रीय मंत्री ने प्रोजेक्ट 'धड़कन' का भी अवलोकन किया और डॉक्टरों से इसके संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप जिले में बच्चों में जन्मजात ह्रदय रोग की जांच, पहचान कर ईलाज के लिए श्री सत्य सांई हॉस्पिटल के सहयोग से प्रोजेक्ट 'धड़कन' चलाया जा रहा है। जिसमें अभी तक तक 25 बच्चों को चिन्हित किया गया है।

# सेवा पखवाड़ा अभियान कार्यक्रम की बैठक संपन्न

## बैठक में कार्यक्रम के लिए मंडल अध्यक्ष एवं मोर्चा अध्यक्षों को दी गई जिम्मेदारी

रायपुर, संवाददाता

भाजपा रायपुर शहर जिला द्वारा एकात्म परिसर में आज सेवा पखवाड़ा को लेकर एक आवश्यक बैठक आहूत की गई। बैठक में 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के लिए मंडल अध्यक्ष एवं मोर्चा अध्यक्षों को कार्यक्रम की सफल क्रियान्वयन के लिए सबको जिम्मेदारी दी गई है। इस दौरान जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा अभियान के रूप में मनाने की योजना बनाई गई है। 17 सितंबर को प्रदेश रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। सार्वजनिक स्थालों पर स्वच्छता अभियान चलाने की योजना बनाई गई है। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। जिसके अंतर्गत स्कूलों, चिकित्सालयों रेल्वे स्टेशन, बस स्टेशन, मंदिर सहित ऐतिहासिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। एक पेड़ मां के नाम पर पौधारोपण का कार्यक्रम किया जाएगा । जिसमें सभी बूथों पर पौधारोपण करेंगे । 75 जिलों नमो वन बनाना। 75 नगरों में नमो पार्क भी बनाना। इसके साथ ही प्रधानमंत्री के जीवन पर



डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रदर्शन किया जाएगा और प्रबुध्द वर्ग संवाद कार्यक्रम किया जाएगा। इसके साथ ही विविध कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान बैठक में रमेश सिंह ठाकुर, अकबर अली, अमित मैशेरी, सतीश छुगानी, सुनील कुकरेजा, नवीन शर्मा, मंजुल मयंक श्रीवास्तव,भागीरथी यादव, कुंवर रज्यंत सिंह, योगेश साहू, मालिक राम साहू, भोला प्रसाद साहू, ओम प्रकाश साहू, प्रकाश यदु, मनोज शर्मा, राम प्रजापति, साजन श्रीवास, प्रवीण जैन, जितेंद्र नाग, गौतम साहू, संजय शर्मा, देवेश्वर डेविड, जयप्रकाश देवांगन, चैतन्य टावरी, मो. आरिफ, मनीष कुमार नागोड़े, केदार धनगर, अर्पित सूर्यवंशी, किरण डहरिया, जितेंद्र गंडेचा, भगवान यादव, मनोज जोशी, पुरुषोत्तम मोवले,पवन सोनी, सोहन साहू, नितेश प्रसाद शर्मा, सहित जिला एवं मंडल के कार्यकर्तागण मौजूद रहें।

# प्रोजेक्ट 'आओ बांटे खुशियां' के तहत प्रधानपाठक एवं शिक्षक ने स्कूली बच्चों के साथ मनाया अपना जन्मदिन

लोकशक्ति

रायपुर, मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिले में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना और न्योता भोज के अंतर्गत संचालित अभिनव पहल 'प्रोजेक्ट आओ बांटे खुशियां' के तहत रायपुर जिले के अधिकारी एवं कर्मचारी अपने जन्मदिवस को सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए नन्हें बच्चों संग खुशियां बांट रहे हैं। इसी क्रम में आज मिडिल स्कूल सांकरा की प्रधानपाठक सुश्री दुर्गा पाठक ने अपने जन्मदिन की पूर्व संध्या पर बच्चों के साथ केक काटा तथा माध्यमिक शाला बैहर के शिक्षक श्री नागेंद्र देवांगन ने बच्चों के बीच खीर-पूड़ी एवं पौष्टिक आहार वितरित कर अपना जन्मदिन मनाया। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह के मार्गदर्शन में जिले के 17 कर्मचारियों को जन्मदिन की पूर्व संध्या पर एसएमएस और ई-कार्ड के माध्यम से शुभकामनाएं दी गई और उन्हें आंगनबाड़ी या विद्यालय में बच्चों संग जन्मदिन मनाने हेतु प्रेरित किया गया।



## घरेलू कीटनाशक उत्पादों के विक्रय केन्द्रों का औचक निरीक्षण

रायपुर, जिले में कृषि विभाग के कीटनाशक निरीक्षकों द्वारा घरेलू उपयोग हेतु कीटनाशक उत्पादों के विक्रय केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कटोरा तालाब स्थित सुपर मार्ट अन्तरा मार्ट, एसएस मार्ट, न्यू राजेन्द्र नगर, लक्ष्मी मेडिकल स्टोर सेजबहार, गणेश मेडिकल स्टोर डूंडा, गोकुल सुपर मार्ट डगनिया तथा अपना मार्ट कबीर नगर में घरेलू कीटनाशक उत्पाद जैसे हिट, मार्टिन, गुड नाईट, रैटकील आदि का विक्रय किया जाना पाया गया। इन केन्द्रों में उपलब्ध उत्पादों को ÷नॉट फॉर सेल÷ कर अलग रखवाया गया तथा संचालकों को निर्देशित किया गया कि कृषि विभाग से अनुज्ञप्ति प्राप्त करने के उपरांत ही इनका विक्रय किया जाए। वहीं आमापारा स्थित विशाल मेगा मार्ट में घरेलू कीटनाशक उत्पादों का स्टॉक नहीं पाया गया। मेगा मार्ट के प्रबंधक ने जानकारी दी कि यहां इस प्रकार के उत्पादों का विक्रय नहीं किया जाता।

# प्रोजेक्ट संस्कृति के ज़रिए उभरेगी रायपुर की सांस्कृतिक पहचान

## बैठक में कलेक्टर ने दिए महत्वपूर्ण निर्देश

लोकशक्ति । संवाददाता

रायपुर,

छत्तीसगढ़ की लोक कला, साहित्य और सांस्कृतिक विरासत को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से ÷प्रोजेक्ट संस्कृति÷ की शुरुआत मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर की गई है। इस दिशा में कलेक्टर डॉ गौरव सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की शुरुआत कलेक्टर डॉ. सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उम्मेद सिंह को काव्य संग्रह पुस्तक भेंट कर की गई। यह भेंट संस्कृति और साहित्य के प्रति सम्मान का प्रतीक रही। बैठक में ÷प्रोजेक्ट संस्कृति÷ को और प्रभावशाली बनाने को लेकर व्यापक चर्चा की गई।



कलेक्टर डॉ. सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले के ऐसे विद्यार्थी और नागरिक, जिन्हें लेखन, पठन, गायन एवं नृत्य में रुचि है, उन्हें इस सांस्कृतिक अभियान से जोड़ा जाए। इसके तहत एक विशेष टीम गठित की जाएगी जो ÷प्रोजेक्ट संस्कृति÷ के सुचारू क्रियान्वयन सुनिश्चित करेगी।

बैठक में स्वदेशी जागरण मंच और छत्तीसगढ़ हार्मोनिका क्लब के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया और इस अभिनव पहल को सफल बनाने के लिए अपने बहुमूल्य सुझाव साझा किए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री कुमार बिश्वरंजन, जिला शिक्षा अधिकारी श्री हिमांशु भारती समेत संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री ने जिले के निमोरा मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र का किया अवलोकन

## छत्तीसगढ़ सरकार की महिलाओं एवं बच्चों के विकास के लिए कर रही सराहनीय कार्य: केन्द्रीय मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी

रायपुर, संवाददाता

केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी आज राजधानी रायपुर के प्रवास पर पहुंची। उन्होंने निमोरा के मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र-1 का अवलोकन किया। वहां बच्चों से मुलाकात की और उनको दिए जा रहे पूरक पोषण आहार और अन्य गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आंगनबाड़ी में बच्चों के विकास और सुपोषण के लिए जो कार्य किया जा रहे हैं वह सराहनीय है। आंगनबाड़ी केन्द्र में ईसीसीई गतिविधि के तहत् पोषण के साथ-साथ पढ़ाई भी कराया जा रहा है। जिससे बच्चों के सम्पूर्ण विकास में मदद मिल रही है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि ÷स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार÷ के तहत आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह के आठवे संस्करण की शुरूआत की गई है। आप सभी आमजनों से अपील है कि इसके सहभागी बनें। उन्होंने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म की और बच्चों का अन्नप्राशन कराया। साथ ही सुकन्या समृद्धि योजना एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना के हितग्राहियों से मुलाकात की इस अवसर पर आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चों ने बाल-गीत सुनाया, जिसके पश्चात् केन्द्रीय



मंत्री ने बच्चों को फल एवं उपहार प्रदान किया एवं स्वस्थ बालक-बालिका प्रतियोगिता और पौष्टिक व्यंजन प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया। साथ ही आंगनबाड़ी परिसर में अमरूद, जामुन और आम का पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा, केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास विभाग के अतिरिक्त सचिव श्री लव अग्रवाल, छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं बाल विकास विभाग की सचिव श्रीमती शम्मी आबिदी, महिला एवं बाल विकास विभाग के संचालक श्री पी.एस. एल्मा, कलेक्टर डॉ गौरव सिंह और अपर कलेक्टर श्रीमती नम्रता जैन, डीपीओ सुश्री शैल ठाकुर सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ड्रग्स केस: नव्या मलिक और विधि अग्रवाल 14 दिनों की न्यायिक रिमांड पर

रायपुर, राजधानी रायपुर में ड्रग्स केस में गिरफ्तार युवती नव्या मलिक और विधि अग्रवाल पुलिस ने आज मंगलवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां एनडीपीएस की स्पेशल कोर्ट ने उन्हें 14 दिनों की न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। बता दें कि रायपुर में ड्रग्स केस में गिरफ्तार इंटीरियर डिज़ाइनर नव्या मलिक ने पुलिस पूछताछ में कई सनसनीखेज खुलासे किए हैं। करीब 30 घंटे की पूछताछ में सामने आया कि नव्या एक संगठित ड्रग सिंडिकेट का हिस्सा थी, जो हेरोइन और एमडीएमए जैसे खतरनाक ड्रग्स शहर में सप्लाई करता था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस नेटवर्क से 850 से ज्यादा रईसजादे जुड़े हुए थे, जिनमें होटल कारोबारी और राजनेताओं के बेटों के नाम भी सामने आए हैं। पूछताछ के दौरान पुलिस ने नव्या के पास से दो मोबाइल फ ोन जब्त किए हैं, जिनमें से एक की फ ॉरेंसिक जांच चल रही है। अब तक की डिजिटल जांच में व्हाट्सएप चैट्स और बैंक ट्रांजेक्शन के ज़रिए यह खुलासा हुआ है कि 600 से अधिक लोग ड्रग्स खरीदी और इस्तेमाल करने में संलिप्त थे। इसके अलावा, पुलिस ने आरोपियों के पास से करोड़ों रुपये की ड्रग्स और एक पाकिस्तानी पिस्टल भी बरामद किया है, जिससे इस सिंडिकेट के अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन होने की भी आशंका जताई जा रही है। मामले में पुलिस ने अब तक नव्या मालिक और विधि अग्रवाल समेत ऋषि राज टंडन, मोनू बिश्नोई, हर्ष आहूजा को जेल भेजा है। फिलहाल पुलिस की जांच जारी है, और जल्द ही और भी गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

संपादकीय

## विपक्ष में देशहित पर हावी ना हो दलहित

देशहित के लिये राष्ट्र सर्वोपरि की भावना रखना आवश्यक है। एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन देश के उपराष्ट्रपति का चुनाव जीत गए हैं। उनके पक्ष में 452 वोट पड़े। कुल 767 सांसद इस वोटिंग में शामिल हुए। 15 वोट अमान्य कर दिए गए। विपक्ष के साझा उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी थे, जिन्हें तीन सौ फर्स्ट प्रिफरेंस वोट मिले। राधाकृष्णन की जीत पहले से ही तय थी क्योंकि संख्या बल एनडीए के पक्ष में था। हालांकि क्रॉस वोटिंग का संदेह व्यक्त किया जा रहा था। उपचुनाव के लिए कुल 98.2% वोटिंग हुई। तमिलनाडु के तिरुप्पुर में जन्मे राधाकृष्णन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक रहे हैं। 1974 में जनसंघ की कार्यकारिणी समिति के सदस्य बने। 1996 में तमिलनाडु भाजपा के सचिव बने। उसके बाद दो बार सांसद चुने गए पर कोयंबटूर से तीन बार हार का सामना भी किया। 2020-22 तक भाजपा केरल के चुनाव प्रभारी रहे।



## धरती यह बलिदानियों की।

धरती है यह बलिदानियों की,
गाथा है अमर शहीदों की,
माँ के आँचल तले सजी,
पवित्र माटी पावन वीरों की।

देश का तिरंगा ऊँचा लहराए,
गगन भी जयघोष से हर्षायेगा।
भारत माँ की संतति हम सब
अटूट विश्वास से जुड़े हम सब।
सीमा पर डटा हर सिपाही,
प्राणों का सहर्ष कर देता दान,
धरती है यह बलिदानों की, ,
मेरा भारत देश महान।

हल चलाता किसान यहाँ,
विज्ञान करता आविष्कार,
युवा उमंगों से भरता,
भारत देश का हर द्वार।

जाति, धर्म या भाषा से,
ऊपर उठकर सोचें हम,
एकता की डोर थामकर,
आगे और आगे बढ़ते जाएँ हम।

- संजीव ठाकुर ।

QR CODE SCAN
कर प्रेमेन्द्र अग्रवाल द्वारा लिखित पुस्तकें पढ़िये ऑनलाईन
PM : 2024 - Vishwa Sarkar Ka Vikalp
Modimaya_ Vaidik_Netritva
Rashtriya Ekta
DLF-Vadra-Bhrasht Tantra
Silent Assassins Jan11,1966
Accursed & Jihadi Neighbour

# श्रद्धा से जो कुछ दिया जाए वही श्राद्ध है

**श्रद्धा दीयते यत् तत् श्राद्धम ।**

( श्रद्धा से जो कुछ दिया जाए वही श्राद्ध है )

श्राद्ध कर्म के द्वारा पित्रश्रृण से मुक्त हुआ जा सकता है इससे पितृ-गण वर्ष भर प्रसन्न रहते हैं।

जानकी माता सीता द्वारा श्राद्ध की भावपूर्ण कथा प्रचलित हैं-

श्री राम जी द्वारा गया जी के रूद्रपद पर पिंडदान किया गया तब दशरथ जी कृतार्थ हुए और उन्हें रुद्रलोक की प्राप्ति हुई थी उन्होंने श्री राम जी को समस्त अयोध्या वासियों सहित बैकुंठ धाम जाने का वर दिया था ।

माता सीता द्वारा दिया गया श्राद्ध भोज-

एक बार अयोध्या में श्री राम सीता द्वारा श्राद्ध के लिए ब्राह्मण भोज दिया गया , फ्लस्वरूप दूर दूर से ब्रम्णणों की टोलियां पधारने लगीं।

शिव जी को जब श्राद्ध भोजन के संदर्भ में मालुम हुआ तो वे एक वृद्ध ब्राह्मण का रुप रख कर टोली में शामिल होकर अयोध्या पहुंच गए।

कहां ÷मुझे भी भोजन कराएं राजन ÷

श्री राम जी उन विशिष्ट अतिथि को पहचान गए कि स्वयं शिव शंकर आए हैंलेकिनवहइसदौरान हमारी परीक्षा लेने ।

श्री राम जी ने बड़े सम्मान पूर्वक वृद्ध ब्राह्मण के चरण धुलाकर आसन पर बैठाया ।

उनको भोजन परोसा गया ,छोटे भाई लक्ष्मण जो भी परोसते वृद्ध ब्राह्मण एक ही ग्रास में ग्रहण कर लेते पत्तल में कुछ दिखता ही नहीं ,रुकता ही नहीं ,और भी सभासद आ गये जो पत्तल को भरने लग गए पर पत्तल खाली की खाली ही रहती गई।

दूर खड़े श्री राम जी शिव जी की लीला देख मन ही मन रोमांचित हो रहे थे ।

बात फैलते फैलतै राज महल और माता सीता तक पहुंच गई,रसोई का संपूर्ण संचालन एवं नियंत्रण वे ही देख रही थीं।

एक बूढा ब्राह्मण आया है ,जिसकी पत्तल मे खाना रुकता ही नहीं ,भोजन सामग्री क्षण भर में साफहो जाती है ।

अब यह भोज प्रतिष्ठा का विषय बन गया ,लिए महल का पूरा भोजन और सामग्री समाप्त होने लगी,पर भगवान शिव शंकर तृप्त नहीं हुए।

सीता माता चिंतित हो गईं तब श्रीराम जी ने माता अन्नपूर्णा पार्वती जी का आवाहन किया कि आप ही भगवान शंकर जी की क्षुधा शांत कर सकती हैं।

सभी परोसने वाले वहां से हटा दिये गए,माता अन्नपूर्णा वहां प्रगट हो गईं।

श्रीराम जी ने माता अन्नपूर्णा से निवेदन किया कि इन्हें आपके अतिरिक्त और कोई तृप्त नहीं कर सकता है

आप ही अपने स्वामी को भोजन कराइये।

अन्नपूर्णा माता ने भोजन पात्र अपने हाथ में लिया वैसे ही वह अक्षय पात्र बन गया अन्नपूर्णा माता विश्वनाथ को भोजन कराने लगीं,पत्तल में एक लड्डू परोसा ,शंकर जी खाते खाते तक गये, लड्डू समाप्त नहीं हुआ,माता ने दोबारा परोसना चाहा तो शंकर जी ने मना कर दिया।

शंकर जी ने डकार ली और हंसकर कहा -÷अन्नपूर्णा तुम्हें आना पड़ा,अब मैं तृप्त हो गया।

सीता माता द्वारा श्राद्ध का प्रसंग;-

जब उन्होंने साक्षात दशरथ जी को पितृ भोज करते देखा --



भगवान श्री कृष्ण से पक्षीराज गरूड़ ने पूछा लोग अपने पितर को मिल कर तरह तरह का भोजन कराते हैं, तो क्या उनके पित्र ,देवलोक से मृत्यु लोक में वह भोजन गृहण करने आते हैं?क्या उन्हें कोई देख सकता है।इसका क्या प्रमाण है ।

तब श्री कृष्ण जी ने देवी सीता का प्रसंग सुनाया था।

माता सीता ने पुष्कर तीर्थ में श्राद्ध किया था तब उन्होंने अपने ससुर सहित तीन पितरों को आमंत्रित ब्राह्मणों के शरीर में देखा था।

वह कथा सुने-

पिता की आज्ञा से श्रीराम लक्ष्मण सीता जी वनवास चले गए

उन्हें ज्ञात हो गया था कि दुख में उनके पिता की मृत्यु भी हो गई है।

जब श्री राम जी पुष्कर पहुंचे तो उन्होंने अपने पिता के निमित्त श्राद्ध किया इससे श्रेष्ठ अवसर हो ही नहीं सकता कि पिता का श्राद्ध पुष्कर में हो ।

श्री राम जी ने सभी शाक फ्ल भोजन सामग्री की व्यवस्था की और माता सीता ने रसोई बनाई।

सम्पूर्ण विधी विधान के साथ वहां श्राद्ध हेतु ब्राह्मणों का आवाहन किया गया।

सभी नेआसन गृहण कर लिया ,जो भोजन उपलब्ध था,वह पत्तल में परोसा गया,माता जानकी स्वयं व्यवस्था कर रही थीं ।

अचानक जानकी भोजन करते ब्राह्मण और श्रृषियों के बीच से निकलीं और तुरंत ही दूर चली गईं ,

जाकर वे घनी झाड़ियों लताओं के पीछे छिपकर बैठ गईं,यह सभी कृत्य श्री राम जी देख रहे थे ,उन्हें आश्चर्य भी हुआ ,वे ब्राह्मण, ऋषियों के भोजन सम्पन्न होने की प्रतीक्षा कर रहे थे।

भोजन उपरांत श्री राम ने जानकी माता से बोले -हे सीते तुम्हे तो मालुम है, कि ब्राह्मण,ऋषियों के रुप में स्वंय पितृ भोजन करते हैं ,फ्रि तुम अचानक वहां से कैसे आ गईं,कुछ कमी हो जाती टू वे रुष्ट हो सकते थे ?

तब रुंधे गले से माता जानकी ने बहुत ही भावुक करने वाला जबाब दिया -वहां उपस्थित ब्राह्मण एवं ऋषियों के बीच मैने

दो महापुरुषों को देखा जो राजसी वेषभूषा में सजे धजे थे ,तभी मैंने आपके पिता जी के दर्शन किये,वे भी सभी राजसी वस्त्र आभूषण से सजे हुए थे।

तभी मुझे लज्जा का बोध हुआ ,और मन में कुछ और भी आया

उसी क्षण मैंने निश्चय किया,

हे प्रभू ,मैं इन सन्यासी वस्त्र,पेड़ की छाल,मृघचर्म धारण करके अपने ससुर के सम्मुख कैसे जा सकती हूं? जो भोजन हम परोस रहे थे ,वह तो राजा दशरथ के दास भी नहीं स्वीकार करते ,

मिट्टी और पत्ते के दोने में वह भोजन कैसे दे सकती थी ?

मैं तो अभी भी अपने ससुर की वहीं राजकुमारी लाडली बहू हूं,जो हमेशा स्वर्ण आभूषणों से कीमती वस्त्रों से सुसज्जित महारानी हूं।

आज मैं अपनी इस अवस्था में उनके सामने कैसे जाती ,उनके मन को कितना क्षोभ पहुंचता ,मै उनके मन को दुख नहीं पहुंचा सकती थी , अतः मैं शीघ्रता से उनकी नजरों से दूर होकर , लताओं की ओट मे छुप गई ।

तब गरुण जी संतुष्ट हुए कि पित्र मृत्यु लोक में आकर अपना भोजन गृहण करते हैं।

सीता माता द्वारा फ्ल्गु नदी आदि को दिया गया श्राप - कथा -

एक बार वनवास के समय श्रीराम लक्ष्मण एवं सीता जी गया जी तीर्थ पहुंचे उन्होंने पिता दशरथ के लिए श्राद्ध हेतु ब्राह्मणों से निवेदन किया ।

फ्लस्वरूप श्री राम लक्ष्मण श्राद्ध सामग्री एकत्र करने वरेण्य चले गए ,माता सीता उनकी राह देखते फ्ल्गु नदी तट पर बैठी थीं,जब काफी समय बीत गया दैपहर हो गई,श्राद्ध का समय बीतने लगा तब माता सीता ने ब्राह्मण जी के कहने पर अपने ससुर का श्राद्ध कर दिया ।

जब श्री राम लक्ष्मण सामग्री लेकर लौटे तो उन्हें ज्ञात हुआ श्राद्ध तो हो गया है और दशरथ जी ने स्वीकार कर लिया है। श्री राम जी क्रोध में आ गए थे कि बिना सामग्री बिना पुत्र के द्वारा पिता का श्राद्ध कैसे हो सकता है ? माता सीता ने पांच सबूतों को प्रस्तुत किया जो उस घटना के समय उपस्थित होकर श्रद्धा को देख रहे थे वे थे फ्ल्गु नदी,कौआ, ब्राह्मण,गाय ,तुलसी पौधा और बरगद का पेड़ ।

श्री राम जी के क्रोध को देखकर फ्ल्गु नदी, कौआ,तुलसी पौधा,गाय,ब्राम्हण ने झूठ बोला उन्हें नहीं पता कि श्राद्ध हुआ कि नहीं ।

सिर्फबरगद के पेड़ ने ही कहा- हां माता सीता ने श्राद्ध किया है और दशरथ जी ने उसे सहर्ष स्वीकार किया है।तब सीता माता ने उन पांचों को झूठ बोलने पर श्राप दिया - फ्ल्गू नदी केवल नाम की नदी रहेगी जिसमे पानी नहीं रहेगा ।

कौआ -हमेशा लड़ते-झगड़ते रहेगा भोजन के लिए।

गाय -केवल उसके पिछले भाग को पूजा जाएगा उसे अपनीहीभोजन के लिए भटकना पड़ेगा।

ब्राह्मण -इनको जितना भी मिले कभी सतोष नहीं होगा ।

तुलसी का पौधा कभी गया में नहीं पनपेगा ।

बरगद के पेड़ को दीर्घायु होने का वरदान मिला ,सती महिलाएं अपने सौभाग्य के लिए बरगद की प्रतिक्रमा करेंगी ,बरगद की छाया लोगों को सुकून देगी ।

इस तरह सनातन धर्म में देवी माता-सीता के समय से श्रृद्धा पूर्वक श्राद्ध करने की प्रथा चली आ रही है ।

**- भावना संजीव ठाकुर ।**

# सोशल मीडिया प्लेटफार्म बंद आक्रोश को चिंगारी

राजेश मणि

**आज नेपाल का आंदोलन विश्व पटल पर चर्चा का विषय बन गया है। भारी हिंसा के बाद प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली और गृह मंत्री ने इस्तीफा दे दिया है। गौरतलब है कि पहले भी नेपाल में आंदोलन होते रहे हैं-मधेश आंदोलन, माओवाद आंदोलन।**

ये सभी आंदोलन अपने हक और अधिकार के लिए ही लड़ते रहे, परंतु बहुत ही कम समय में जो वर्तमान आंदोलन ने स्वरूप लिया है वह बहुत कुछ कह रहा है। 22 प्रदर्शनकारियों की मौत के बाद सरकार को झुकने के लिए मजबूर होना पड़ा।

दरअसल, इस ऐतिहासिक प्रदर्शन के पीछे सरकार द्वारा सोशल मीडिया पर (4 सितम्बर) प्रतिबंध लगाना रहा है। यह खबर पूरे नेपाल में आग की तरह फैल गई। आंदोलन की अगुवाई जेन जी समूह ने किया। जेन जी समूह 1997 से 2012 तक के बीच पैदा हुए लोगों का समूह है या यूं कह लीजिए नौजवानों का समूह है। सबसे बड़ी बात यह है कि किसी भी राजनीतिक संगठन से इस समूह का जुड़ाव नहीं है। जो तकनीकी रूप से भी सशक्त हैं या तमाम ऐसे तकनीकों का उपयोग करते हैं जिसमें सोशल मीडिया के भी सभी फॉर्म आते हैं। जेन जी समूह बांग्लादेश और श्रीलंका में भी चर्चा में हैं। युवाओं के समूह से 'नेपो किड' नाम से अभियान चलाया जिसमें उन्होंने सच बात की।

मसलन; राजनीतिक व्यक्तियों के परिवारों को अलग से तरजीह, राजनीतिक और प्रभावशाली व्यक्तियों के बच्चों को गलत तरीकों से अर्जित धन हासिल कर या उन बच्चों को विशेषाधिकार मिलना, उनका रहन-सहन, गाड़ियों में घूमना, पॉकेट खर्च सब अलग तरीके से दिखते थे। ये सारी बातें उन युवाओं के मन में चिढ़ और वैमनस्यता पैदा कर दिया, लेकिन वह ग्रुप कुछ कर नहीं पा रहा था, उनके सामने विवश था। इसके बाद सोशल मीडिया पर 'नेपो किड' नाम से अभियान चलाया गया, जिसमें इसके साथ उन राजनीतिक और प्रभावशाली लोगों के भ्रष्टाचार को भी धीरे-धीरे उजागर करने लगे। अब यह एक बड़ा समूह बन गया। जिसका परिणाम ये हुआ कि राजनीतिक और प्रभावशाली व्यक्ति सरकार पर दबाव बनाने लगे।

दिन-प्रतिदिन उनके कारनामे सामने आ रहे थे। इसके प्रभाव में सरकार को सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाना पड़ा। व्हाट्सएप, एक्स सहित 26 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंध लगाकर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को दबाने का आरोप लगाया था। इस दौरान प्रदर्शन हिंसक हो गया, जब प्रदर्शनकारियों ने संसद भवन के पास पुलिस के अवरोधकों को तोड़ दिया। प्रदर्शनकारियों को रोकने के आंसू गैस फिर गोली चलाया गया। जेन जी समूह प्रतिबंध के बाद और उग्र हो गया क्योंकि भ्रष्टाचार को भी इस आंदोलन के साथ जोड़ दिया गया। संसद परिसर में घुसने को उतारू आंदोलनकारियों की भीड़ ने हिंसक रूप ले लिया। हिंसा और मौत के बाद कुछ मानवाधिकार संगठन भी जुड़ गए और न्याय की मांग करने लगे। अब एक कौतूहल का विषय यह भी है कि सरकार ने सभी सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगा दिया बावजूद इतने लोग इकट्ठा कैसे हो गए?



यहां यह जानना जरूरी है नेपाली नागरिक सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मो का उपयोग दैनिक चर्या में करते हैं-मैसेंजर, वाइबर, टिक टॉक आदि पर नेपाल में खूब बातें की जाती हैं। उनके सामान्य कॉल से कम पैसे में बात हो जाती है। टिक टॉक ने सरकार को आासन दिया था हम आप के साथ हैं। आपकी सूचना को लोगों तक पहुंचाएंगे। इस नाते टिक टॉक को प्रतिबंधित नहीं किया गया। यह आंदोलन कुछ अलग संकेत भी दे रहे हैं। सोशल मीडिया का इतना बड़ा ग्रुप तैयार हो गया है कि नौजवान या आम लोगों का भी बिना इसके दैनिक चर्या प्रारंभ नहीं हो रही है। वो अलग डिबेट का विषय है कि कितनी पॉजिटिविटी है, कितनी निगेटिविटी है, लेकिन चिंतन का विषय तो है। आंदोलन को देखते हुए भारतीय सीमा पर पुलिस और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) मुस्तैद है। इंडो-नेपाल बॉर्डर 1751 किलोमीटर लंबी है जिसपर निगरानी बढ़ा दी गई है। भारत-नेपाल सीमा पर कर्फ्यू जैसे हालात हैं। प्रदर्शन का असर भारत पर भी पड़ा है। बॉर्डर के बहुत सारे बाजार नेपाल आधारित हैं। संकेत यह भी है कि लोकतंत्र के लिए भ्रष्टाचार और राजनीतिक वर्चस्व के जरिए विशेष व्यक्ति होना, विशेष दर्जा प्राप्त करना, विशेष रूप से धन अर्जित करना जैसे पहले भी नुकसानदायक रहा है आज भी है। यह आंदोलन दूसरे के लिए सीख भी हो सकता है।

समान नागरिक अधिकार लागू रहे, समानता बनी रहे और संविधान की रक्षा होती रहे। कुल मिलाकर इस समय नेपाल की राजनीति में भारी उथल-पुथल जारी है और आंदोलन अभी स्थगित नहीं हुआ है। कानून-व्यवस्था बनाये रखने की जिम्मेदारी नेपाल सरकार ने सेना को दी है । मंगलवार को नेपाल के युवाओं का उग्र रूप कई शहरों में देखने को मिला। मंगलवार दोपहर को प्रदर्शनकारियों ने नेपाल की संसद को फूंक दिया। प्रदर्शनकारियों ने इससे पहले प्रधानमंत्री ओली के निजी निवास के अलावा, कई नेताओं और पूर्व प्रधानमंत्रियों के निजी आवासों में तोड़फोड़ की। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि भारत, नेपाल में विरोध-प्रदशर्नों के दौरान कई नौजवानों की मौत से बेहद दुखी है और उसे उम्मीद है कि शांतिपूर्ण तरीके से मुद्दों का समाधान हो जाएगा। मंत्रालय ने यह भी कहा कि भारत पड़ोसी देश के घटनाक्रम पर करीब से नजर रख रही है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'एक करीबी मित्र और पड़ोसी होने के नाते, हम उम्मीद करते हैं कि सभी पक्ष संयम बरतेंगे और शांतिपूर्ण तरीकों व बातचीत के जरिए किसी भी मुद्दे का समाधान करेंगे।'

प्रदर्शनकारियों ने पूर्व पीएम शेर बहादुर देउबा को घर में घुसकर पीटा। वहीं, वित्त मंत्री विष्णु पोडौल को काठमांडू में उनके घर के नजदीक दौड़ाकर पीटा। इसका वीडियो वायरल हो रहा है। इन हिंसक घटनाओं के बीच खबर है कि प्रधानमंत्री ओली को सेना अज्ञात स्थान पर ले गई है। इस हिंसा में अब तक 22 लोग मारे जा चुके हैं, जबकि 400 से ज्यादा लोग घायल हैं। युवा बेरोजगारी, पलायन, चौपट हो चुकी अर्थव्यवस्था से पहले ही तनाव में था, वहीं सोशल मीडिया प्लेटफार्म बंद होने से इस आक्रोश को चिंगारी मिल गई। लगता है नेपाल के माहौल को खराब करने में किसी तीसरे का हाथ है।

## भारतीय हॉकी फिर ऊंचाइयों की तरफ बढ़ने तैयार

**मनोज चतुर्वेदी**

भारतीय हॉकी टीम राजगीर में एशिया कप हॉकी चैंपियनशिप होने से कुछ पहले तक उसे अच्छे प्रदर्शन के लिए याद नहीं किया जा रहा था। वैसे भी भारतीय टीम फाइनल जैसे महत्त्वपूर्ण मुकाबलों में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए नहीं जानी जाती है, लेकिन इस चैंपियनशिप के फाइनल में पिछ्ली चैंपियन दक्षिण कोरिया के खिलाफ भारत ने जिस तरह का प्रदर्शन किया, उससे लगने लगा है कि टीम फिर से ऊंचाइयों की तरफ बढ़ने के लिए तैयार है। भारत ने दक्षिण कोरिया पर 4-1 से जीत पाकर चौथी बार एशिया कप खिताब ही नहीं जीता बल्कि अगले साल अगस्त में नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले विश्व कप के लिए भी क्वालिफाई कर लिया।

भारतीय टीम एफआईएच प्रो लीग में खराब प्रदर्शन के बाद यहां आई थी। इस लीग के आखिरी यूरोपीय चरण में भारत ने आठ में से सात मैच हारकर बेहद निराश कर दिया था। इस प्रदर्शन की वजह से टीम नौ टीमों की लीग में आठवें स्थान पर रही। वह रेलीगेट होने से एक स्थान से बच गई। इसकी वजह से पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक दिलाने वाले कोच क्रेग फुल्टोन की काबिलियत पर भी सवाल उठने लगे थे। एशिया कप में भारत के शुरुआती प्रदर्शन से स्थिति और बिगाड़ दी।

इन प्रदर्शनों को देखने से भारत की क्षमता पर संदेह व्यक्त किया जाने लगा, लेकिन भारत ने सुपर फोर में चीन के खिलाफ और फिर फाइनल में दक्षिण कोरिया के खिलाफ शानदार प्रदर्शन से अपनी फिर से धमक बना दी। भारतीय कोच एफआईएच प्रो लीग में भारतीय प्रदर्शन के बारे में कहते हैं कि इसमें खेले तो अच्छा पर नतीजे अच्छे नहीं निकाल सके। फुलटोन ने कहा, 'हम एफआईएच प्रो लीग में खेले तो अच्छा पर परिणाम अच्छे नहीं निकाल सके। पर हमने इसके बाद खामियों पर काम किया।

ऑस्ट्रेलिया दौरे पर हाल-फिलहाल का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।' सही मायनों में इस ऑस्ट्रेलियाई दौरे ने ही एशिया कप की सही तैयारी कराकर जीत में अहम भूमिका निभाई। अब इस प्रदर्शन के बाद देश के हॉकीप्रेमी फिर से उत्साहित हो गए हैं और उन्हें टीम पर भरोसा बन गया है कि हम फिर से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर झंडे गाड़ेंगे। भारत ने चीन हो या दक्षिण कोरिया दोनों के ही खिलाफ आक्रामक अंदाज में शुरुआत करके पहले कुछ मिनटों में गोल जमाकर खेल पर दबदबा बनाने की रणनीति अपनाई और यह रणनीति कारगर साबित हुई।

हरमनप्रीत की अगुआई वाला डिफेंस हो या अभिषेक की अगुआई वाली अग्रिम पंक्ति बहुत दमदार नजर आई। हरमनप्रीत का हमलों में आगे तक जाना और अभिषेक का डिफेंस के समय सर्किल में रहना टीम की फिटनेस का बताता है। वहीं जर्मनप्रीत, हार्दिक सिंह की अगुआई वाली हाफ लाइन भी गेंद को लगातार आगे रखने में सक्षम नजर आई। भारतीय टीम यदि इसी तरह खेलती रही, तो बहुत संभव है कि 2028 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक में पदक का रंग बदल जाए और अगले साल विश्व कप में भारतीय टीम पोडियम पर चढ़ती नजर आए। भारतीय टीम इस चैंपियनशिप में अपने प्रदर्शन में लगातार सुधार करती नजर आई। आखिर में वह एक इकाई के तौर पर खेलती दिखी।

क्रेग फुल्टोन के कोच के रूप में आने के बाद भारतीय टीम एरियल पासों का इस्तेमाल करने लगी है। आमतौर पर एशिया की टीमें एरियल पासों वाले खेल को कम ही खेलती दिखती रहीं हैं। पर भारतीय टीम का अब यह भी प्रमुख अस्त्र बन गया है। इस मामले में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने महारत हासिल कर ली। उनके नपे-तुले स्कूपों पर कई बार प्रतिद्वंद्वी ठगे से नजर आए। दक्षिण कोरिया भी इस खूबी की वजह से मैच में अधिकांश समय बचाव करती नजर आई।

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत वैसे तो किसी तारीफ के मोहताज नहीं हैं। वह पिछले पेरिस ओलंपिक में सर्वाधिक गोल जमाने वाले रहे हैं। वह अनुभव के साथ निरंतर निखरते नजर आ रहे हैं। पेनल्टी कॉर्नरों पर गोल जमाने में तो वह महारत रखते ही हैं। साथ ही हमले बनाने में भी उनकी अहम भूमिका रहने लगी है। भारत का पहले मिनट में खाता खुलवाने में भी उनकी भूमिका अहम रही। उन्होंने पहले ही मिनट में कोरियाई डिफेंस को छकाते हुए सर्किल में खड़े सुखजीत को पास दिया और उन्होंने रिवर्स शॉट से गोल भेद दिया। भारत के चौथे गोल को जमाया भले ही अमित रोहिदास ने पर इसमें भी हरमनप्रीत की भूमिका बेहद खास रही। क्रेग फुल्टोन ने कहा, 'मैंने पहले कहा था कि हम एशिया में नंबर एक बनना चाहते हैं और टीम में गहराई लाना चाहते हैं।

यह निजी विचार है।

# आस्था का प्रतीक मां भानेश्वरी देवी

लोकशक्ति

राजनांदगांव से मात्र 7 वें मील पर राजहरा मार्ग पर स्थित 4 हजार की आबादी वाला ग्राम वह पुण्य भूमि है जहाँ अपार जन समूह अनन्य श्रद्धा एवं चमत्कार से विस्मृत हो उठे । अबोध बालिका भानुमति को भी नहीं मालूम था कि उसके अन्दर एक अलौकिक शक्ति का वास है वह ऐसी दैवी शक्ति का आधारथी जिसके चौकी राज्य की जनता को आश्चर्य में डाल दिया।

एक ऐसी घटना, जिस पर इस वैज्ञानिक युग में भले ही विश्वास न किया जाए, किन्तु सिंघोला ग्राम, बिनायकपुर, करमतरा, नगपुरा, रानीतराई, चौकी के हजारों नर-नारी इसके प्रत्यक्ष गवाह है। जिन्होंने इस घटना का प्रत्यक्ष देखा है, सहभागी बने है और (भानुमति साहू) भानेश्वरी देवी का स्मरण है जहाँ भानेश्वरी देवी का शरीर समाधिरस्थ है। आज भी श्रद्धालु जन उस महान आत्मा से दुख निवारण की प्रार्थना करते है। आज भी वे अवशेष विद्यमान है जिसका प्रयोग देवी भानेश्वरी जी करती थी। आज भी वह परिवार आत्म विस्मृत है जहां देवी भानेश्वरी ने जन्म ग्रहण किया था।

मटर के दानों का चमत्कार - एक मध्यम वर्गीय किसान श्री

सोमनाथ जी साहू के घर 9 मई 1911 में बालिका भानुमति का जन्म हुआ। बहुत सामान्य सा बचपन कोई विशेष बात नहीं सभी क्रिया कलाप सामान्य बच्चों जैसा होनहाक र विरवान के होत चिकने पात के ÷अनुरूप 15वें वर्ष से चमत्कार प्रारंभहुआ। जिसने सम्पूर्ण जन मानस को चमत्कृत कर दिया। बालिका भानुमति राजमार्ग पर स्थित भोथीपार, महराजपुर और बुढिया लाठी टेकती हुई आई, भानुमति को आवाज देकर प्रेमपूर्वक पास बिठाई और स्नेहवश मटर के दाने खाने को दिये। अबोध बालिका मटर के दाने उसी समय खा गई। और देखो इस बात को किसी को मत बतनाना कर कर बुढिया धीरे धीरे जाने लगी। आश्चर्य कुछ ही दूर जाने पर वह बुढिया अदृश्य हो गई कहां गई कोई नहीं जानता। शाम से ही भानुमति को तेज बुखार हो आया वह दिन सोमवार था और गुरूवार को संपूर्ण शरीर में बड़े बड़े चेचक (माता) के दाने उभर आये। दाने पूरे भरे अच्छे हुऐ



स्नान का समय (बार नहाना) 21 वें दिन आया तो पुन दाने दिखे, भरे अच्छे हुए यह क्रम लगातार होता रहा और यही बात लोगों का ध्यान आकर्षित करती रही। अन्तत लोगों ने शीतला मंदिर में शांति करने की ठानी। ग्राम की परम्परा के अनुसार सेवक समाज द्वारा माता पहुंचानी करने माता देवालय ले जाया गया, भानुमति मंदिर में प्रवेश की। मंदिर में प्रवेश के साथ ही एक तेज किन्तु मधुर आवाज गुंज सभी का ध्यान उधर आकर्षित हुआ, भानुमति जोर-जोर से कह रही थी मैं यही रहूंगी मेरे रहने का स्थान यही है, तुम सब अपने अपने घर चले जाओं। लोगों ने समझाया माता पिता ने आग्रह किया, बुजुर्गो ने बात की किन्तु संकल्पवती भानुमति ने सभी को इन्कार किया। अंत में किसी अन्त-प्रेरणा से सभी लोग भानुमति के संकल्प के आगे झुक गये उन्होने तत्काल निर्णय लिया कि इनके निवास की व्यवस्था की जाये, सामूहिक ग्रामीण सहयोग एवं ग्राम मालगुजार रामधीन के जमीन अप्रण करने से मकान बनाया और आग्रह पूर्वक भानुमति देवी से निवेदन किया गया कि वे अपने मकान में रहें। मकान बनते तक भानुमति देवी निराहार रही। मकान, शीतला मंदिर के बाजू में ही तालाब के ऊपर विद्यमान है।

# राजभवन में मनाई गई विश्वकर्मा जयंती



**रायपुर,** राजभवन में आज विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई। राज्यपाल श्री रमेन डेका एवं राज्य की प्रथम महिला श्रीमती रानी डेका काकोटी ने भगवान विश्वकर्मा का विधि विधान से पूजा अर्चना कर देश-प्रदेश के खुशहाली के लिए कामना की। उन्होंने सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव डॉ. सी.आर. प्रसन्ना एवं राजभवन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी देहरादून में अत्यधिक वर्षा से प्रभावित मसूरी रोड और किमारी क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए।



चमोली के धुर्मा में बादल फटने की घटना के बाद जिला और तहसील प्रशासन, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और डीडीआरएफ की टीमें राहत और बचाव कार्य में लगी हुई हैं।

## कृषि मशीनरी पर जीएसटी सुधारों को लेकर केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे बैठक

**श्री शिवराज सिंह के साथ बैठक में ट्रैक्टर एवं कृषि यंत्रीकरण से जुड़े सभी संगठनों के प्रतिनिधि होंगे शामिल**

**जीएसटी दरों में कमी का किसानों तक पूरा लाभ पहुंचना सुनिश्चित करने के लिए श्री शिवराज सिंह की पहल पर होगी महत्वपूर्ण बैठक**

पीआईबी

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में कल 19 सितंबर 2025 को नई दिल्ली में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में ट्रैक्टर एवं कृषि यंत्रीकरण संघ (TMA), कृषि मशीनरी निर्माता संघ अखिल भारतीय कम्बाइन हार्वेस्टर निर्माता संघ तथा पावर टिलर एसोसिएशन ऑफइंडिया (PTAI) सहित अन्य संबंधित संगठनों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह की पहल पर आयोजित इस बैठक का उद्देश्य कृषि मशीनरी एवं उपकरणों पर हाल ही में घोषित जीएसटी दरों में कमी (12-18% से घटाकर 5%) के निर्णय पर चर्चा करना, किसानों तक इसके लाभों का व्यापक प्रसार सुनिश्चित करना और सुधार उपायों के सुचारू क्रियान्वयन की रणनीति बनाना होगा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की सरकार द्वारा जीएसटी में कमी से ट्रैक्टर व अन्य मशीनरी की कीमतें किसानों के लिए 7 से 13 प्रतिशत तक घटेंगी, वहीं सब्सिडी योजनाओं व घटे कराधान का दोहरा लाभ किसानों को मिलेगा और 'आत्मनिर्भर भारत' के तहत स्वदेशी कृषि मशीनरी निर्माताओं को भी प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त मिलेगी।

# आईटीएम यूनिवर्सिटी के दशम् दीक्षांत समारोह में 474 विद्यार्थियों को मिली उपाधि

रायपुर।

आईटीएम यूनिवर्सिटी रायपुर के दशम् दीक्षांत समारोह का आयोजन साइंस कॉलेज परिसर स्थित डीडीयू ऑडिटोरियम में किया गया। इस समारोह में वाइस चांसलर प्रो. डॉ. आर.एस. जहागीरदार, प्रो-वाइस चांसलर डॉ. लक्ष्मी मूर्ति और कुलसचिव श्री सौरव चटर्जी उपस्थित थे। इस समारोह में 474 स्टूडेंट्स को ग्रेजुएट तथा पोस्ट ग्रेजुएट की डिग्री प्रदान की गई।



दीक्षांत समारोह में असाधारण कार्यो के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश की दो विभूतियों को डी. लिट.की मानद उपाधि से अलंकृत किया गया । जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड के अध्यक्ष श्री प्रदीप टंडन को उद्योग, नीति सुधारों और उच्च शिक्षा और राष्ट्र निर्माण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए डी. लिट.की मानद उपाधि से अलंकृत किया गया। दूसरी ओर बस्तर के धुमड़ारास गांव को स्थायी इको-टूरिज्म और ग्रामीण सशक्तिकरण के वैश्विक मॉडल में बदलने के लिए श्री मनीष (मान सिंह) बघेल को भी डी. लिट.की मानद उपाधि से अलंकृत किया गया। बी.एससी. (ऑनर्स) माइक्रोबायोलॉजी के अर्पित चंद्राकर को ओवरऑल यूनिवर्सिटी टॉपर के रूप में सम्मानित किया गया । उत्कृष्ट विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और स्मृति पुरस्कारों से सम्मानित किया गया, जिनमें निकिता (एमबीए टॉपर), आकांक्षा जैन (एलएलएम), पारुल नाग (एमसीए), सोवन प्रमाणिक (एमएससी माइक्रोबायोलॉजी), धारणा जैन (बीबीए.एलएलबी), मानस गुप्ता (बी.आर्क), मनीषा भट्टाचार्य (बीए (ऑनर्स) आईएचटीएम), मनमीत कौर (बीकॉम (ऑनर्स)) और खुशी भाटिया (बीबीए) शामिल हैं, जिन्हें स्वर्गीय सिद्धार्थ गोलेछा स्मृति पुरस्कार भी मिला। दीया सिंह (बीबीए) को द्वितीय टॉपर के रूप में रजत पदक से सम्मानित किया गया, जबकि केशव शर्मा (एमबीए) को स्वर्गीय ऐश्वर्या शुक्ला स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

प्रो-वाइस चांसलर डॉ. लक्ष्मी मूर्ति ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए शिक्षा, प्लेसमेंट और अनुसंधान में विश्वविद्यालय की महत्वपूर्ण उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। वाइस चांसलर प्रोफेसर डॉ. आर. एस. जहागीरदार ने सभी स्नातकों को ईमानदारी, नवाचार और समाजसेवा की भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। कुलसचिव श्री सौरव चटर्जी ने आभार प्रदर्शन किया तथा स्नातकों को उज्ज्वल एवं समृद्ध भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

# एसबीआई ने सीएसआर पहल के अंतर्गत लेह स्थित राष्ट्रीय सोवा-रिग्पा संस्थान को स्कूल बस दान की

पीआईबी

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के अंतर्गत लेह स्थित राष्ट्रीय सोवा-रिग्पा संस्थान (एनआईएसआर) को एक स्कूल बस दान की है। एसबीआई के चंडीगढ़ मंडल के मुख्य महाप्रबंधक श्री कृष्ण शर्मा ने आज लेह में एनआईएसआर की निदेशक डॉ. पद्मा गुरमेत को यह वाहन औपचारिक रूप से सौंपा।



इस समारोह में जम्मू-कश्मीर क्षेत्र के उप महाप्रबंधक, व्यवसाय एवं परिचालन, श्री जयंत मणि, एसबीआई लेह शाखा के मुख्य प्रबंधक श्री अनिल टंडन, भारतीय स्टेट बैंक के वरिष्ठ अधिकारी तथा एनआईएसआर के संकाय सदस्य, कर्मचारी और छात्र उपस्थित थे।

राष्ट्रीय सोवा-रिग्पा संस्थान, लेह की निदेशक डॉ. पद्मा गुरमेत ने एनआईएसआर, लेह के छात्रों के लिए एक स्कूल बस दान करने हेतु भारतीय स्टेट बैंक, लेह शाखा के मुख्य महाप्रबंधक श्री कृष्ण शर्मा के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने राष्ट्रीय सोवा-रिग्पा संस्थान और जन कल्याण के लिए एनआईएसआर की वर्तमान में जारी गतिविधियों का संक्षिप्त परिचय भी दिया। चंडीगढ़ मंडल के मुख्य महाप्रबंधक, श्री कृष्ण शर्मा ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए देश भर में सामुदायिक कल्याणकारी पहलों को समर्थन देने के लिए एसबीआई की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि एसबीआई जन सेवा और क्षेत्रीय विकास के लिए कार्यरत संस्थाओं के साथ अपनी साझेदारी को मज़बूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह पहल एसबीआई के सीएसआर कार्यक्रमों के माध्यम से लद्दाख के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान देने के निरंतर प्रयासों को दर्शाती है।

## कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डीएआरई)/भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) 2 से 31 अक्टूबर, 2025 तक विशेष अभियान 5.0 चलाएगा

पीआईबी

प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग (डीएआरपीजी) के निर्देशों के अनुरूप, कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डीएआरई)/भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) 2 से 31 अक्टूबर, 2025 तक विशेष अभियान 5.0 में भाग लेगा , जिसका प्रारंभिक चरण 15 से 30 सितंबर, 2025 तक चलेगा । इस अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता को संस्थागत बनाना, लंबित मामलों को कम करना, रिकॉर्ड प्रबंधन और कबाड़ एवं ई-कचरे के वैज्ञानिक निपटान पर केंद्रित होगा ।

विशेष अभियान 4.0 के दौरान पिछले वर्ष कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डीएआरई)/भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) ने लंबित मामलों को कम करने, फ ाइलों की समीक्षा और निपटान, कार्यालय स्थान रिक्त करने, कबाड़ और ई-कचरे का निपटान, राजस्व सृजन और आउटरीच कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने में उल्लेखनीय प्रगति की। इस सफलता को आगे बढ़ाते हुए, सभी आईसीएआर संस्थानों, क्षेत्रीय केंद्रों और क्षेत्रीय कार्यालयों से विशेष अभियान 5.0 में सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह किया गया है।

कार्यान्वयन की निगरानी, दैनिक रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने और अधिकतम दृश्य प्रभाव वाले आदर्श अभियान स्थलों को प्रदर्शित करने के लिए एसएमडी-वार नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।


### कार्यालय कार्यपालन अभियंता
### ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, राजनांदगांव (छ.ग)

**संक्षिप्त ई–निविदा सूचना क्रमांक–22**

क्रमांक/ 2062 /वलेलि/ग्रायांसेवा/2025–26 राजनांदगांव, दिनांक 15.09.2025

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से पंजीकृत एकीकृत पंजीयन प्रणाली से प्रपत्र 'ए' में दर्शित निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दर प्राप्त करने आनलाईन ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा आमंत्रण | निविदा कार्यालय में पहुचने कि अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| महतारी सदन निर्माण कार्य टेडेसरा विकास खण्ड राजनांदगांव | 26.84 | प्रथम बार | 30.09.2025 |

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई–प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल **http://eproc.cgstate.gov.in** में दिनांक 16.09.2025 से देखी जा सकती है। निविदा कार्यालय में पहुंचने की अंतिम तिथि 30.09.2025 सायं 5.30 तक है।

G-252603574/2

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग–राजनांदगांव

# बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल स्मृति समारोह का हुआ शुभारंभ

जांजगीर-चांपा /

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं संविधान निर्मात्री सभा के पूर्णकालिक सदस्य बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल की पुण्य स्मृति में दो दिवसीय स्मृति समारोह का सी-मार्ट परिसर (कचहरी चौक) जांजगीर एवं कृषि विज्ञान केन्द्र जर्वे (च) में आयोजन किया जा रहा है।

आज सी-मार्ट परिसर (कचहरी चौक) जांजगीर में स्मृति समारोह के शुभारंभ के अवसर पर विधायक जांजगीर-चांपा श्री ब्यास कश्यप, विधायक अकलतरा श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह, पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री नारायण चंदेल, पूर्व संसदीय सचिव श्री अंबेश जांगड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यलता मिरी, बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल जी के सुपुत्र श्री विजय प्रताप सिंह व सुपुत्री श्रीमती रत्नावली सिंह, कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक श्री विजय कुमार पांडेय सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल की प्रतिमा में दीप प्रज्वलन कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान विधायक, कलेक्टर सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का निरीक्षण किया। समारोह में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार, शहीद परिवार के परिजनों एवं बैरिस्टर ठा. छेदीलाल के परिवारजनों को सम्मानित किया गया। इसके साथ विभिन्न विधाओं में प्रतिभा के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों, खिलाड़ियों, किसानों और नागरिकों को सम्मानित किया गया।




कार्यक्रम में विधायक जांजगीर-चांपा श्री ब्यास कश्यप ने कहा कि जांजगीर-चांपा जिला बनने के बाद जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला और बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल स्मृति समारोह का यह आयोजन सबसे महत्वपूर्ण रहे हैं। इस समारोह ने जिले को पहचान दिलाई है। उन्होंने बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल को नमन करते श्रद्धांजलि दी एवं उनके योगदान को स्मरण किया।

विधायक अकलतरा राघवेंद्र कुमार सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि मैं स्वयं बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल के परिवार से हूँ, इसलिए उनके जीवन की अनेक कहानियाँ और प्रसंग मुझे बचपन से ही सुनने को मिलते रहे हैं। बैरिस्टर साहब ने समाज के सभी वर्गों को लोगों को उनका अधिकार दिलाया। उन्होंने बहुत से सामाजिक सुधार और समानता के प्रयासों के कार्य किए है।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यलता आनंद मिरी ने कहा कि बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल हमारे जांजगीर के गौरव हैं। उनका योगदान केवल हमारे क्षेत्र तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे देश के स्वतंत्रता आंदोलन और संविधान निर्माण में अद्वितीय रहा है। आजादी की लड़ाई में उनका साहस और समर्पण हम सबके लिए प्रेरणा का स्रोत है।

पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री नारायण चंदेल ने कहा बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल स्मृति समारोह के माध्यम से उन महापुरुषों को स्मरण कर सकें, जिन्होंने आज़ादी की लड़ाई में अपना सर्वस्व भारत माता के चरणों में समर्पित कर दिया। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और महापुरुष भले ही शारीरिक रूप से हमारे बीच न रहें। पूर्व संसदीय सचिव श्री अंबेश जांगड़े ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल का योगदान अविस्मरणीय रहा। उसके पश्चात उन्होंने संविधान सभा में देश की सेवा की।

कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे ने कहा कि आज हम यहाँ एक विराट व्यक्तित्व, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं संविधान सभा के पूर्णकालिक सदस्य बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल की स्मृति में एकत्र हुए हैं। बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल का व्यक्तित्व बहुआयामी और समावेशी था। वे एक समृद्ध जमींदार परिवार से थे, किंतु उन्होंने वैभव और सुविधा का जीवन छोड़कर स्वतंत्रता संग्राम की कठिन राह चुनी।

बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल के सुपुत्र श्री विजय प्रताप सिंह ने कहा कि समाज में कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं, जो क्षेत्रीय या सामाजिक सीमाओं से ऊपर उठकर सबके लिए प्रेरणा बन जाते हैं। बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल का जीवन इसी का प्रतीक है। अधिकांश लोग उनके योगदान और विचारों से प्रभावित रहे हैं, क्योंकि उनका आचरण और व्यवहार सदैव उत्कृष्ट और प्रेरक रहा है।

इस अवसर पर बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल जी के सुपुत्री रत्नावली सिंह, जिला पंचायत सदस्य श्री राजकुमार साहू, श्री गुलाब सिंह चंदेल, श्री दिनेश शर्मा, श्री देवेश सिंह, श्री परस शर्मा, श्री रवि सिसोदिया, नवागढ़ जनपद अध्यक्ष श्रीमती कान्ता मोहन कश्यप, जिला पंचायत सीईओ श्री गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर श्री ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर श्री संदीप ठाकुर सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं नागरिक गण उपस्थित थे।



## डिप्टी सीएम पहुंचे प्रशांत सिंह के निवास हुआ आत्मीय स्वागत

जांजगीर चांपा /

एक दिवसीय प्रवास पर जांजगीर-चाम्पा पहुंचे उपमुख्यमंत्री अरुण साव भाजपा नेता प्रशांत सिंह ठाकुर के निवास पर पहुंचे। जिला मुख्यालय जांजगीर में प्रशांत सिंह की पहचान उपमुख्यमंत्री के विश्वस्त लोगों में होती है। ज्ञात हो कि विगत शनिवार को जांजगीर-नैला नगर पालिका परिषद एवं चाम्पा नगर पालिका परिषद में विभिन्न निर्माण कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री प्रवास पर थे। इस दौरान श्री साव का विभिन्न स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया। स्वागतोपरांत उन्हें अटल चौक जांजगीर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होना था, परन्तु अचानक कार्यक्रम पूर्व प्रोटोकॉल से अलग उनका काफिला हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित भाजपा नेता प्रशांत सिंह ठाकुर के निवास पर पहुंचा।

सिंह निवास में श्री साव का भव्य -आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान वहां बड़ी संख्या में समर्थकों की उपस्थिति रही । श्री साव ने प्रशांत सिंह ठाकुर के निवास में परिजनों सहित उपस्थित अन्य कार्यकर्ताओं से आत्मीयता से भेंट की।

## पंडित शिवकुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय अनुसंधान केंद्र सुरगी राजनांदगांव में मनाया गया हिंदी दिवस पखवाड़ा

**राजनांदगांव।** कृषि महाविद्यालय सुरगी राजनांदगांव में धूमधाम से हिंदी दिवस पखवाड़ा मनाया गया । यह कार्यक्रम महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ.(श्रीमती) विनम्रता जैन के सफल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ । इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक गतिविधियों जैसे वाद विवाद प्रतियोगिता, निबंध लेखन, कविता लेखन, नारा लेखन, भाषण आदि प्रतियोगिताओं का छात्र-छात्राओं के बीच आयोजन किया गया । जिसके द्वारा छात्र छात्राओं को हिंदी भाषा एवं हिंदी दिवस के महत्व को अवगत कराया गया । अधिष्ठाता महोदय ने हिंदी का भारत के सांस्कृतिक, आर्थिक एवं सामाजिक विकास में महत्व पर प्रकाश डाला एवं समस्त छात्र छात्राओं को प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया । साथ ही छात्र छात्राओं को अवगत कराया कि मातृ भाषा हिंदी किस प्रकार पूरे देश को एक सूत्र में बांधती है । इस कार्यक्रम में लगभग 150 छात्र छात्राओं ने भाग लिया एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं में लगभग 40 छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया ।



## फरार निगरानी एवं गुंडा बदमाश को जांजगीर पुलिस ने पकड़ा

### आरोपियों द्वारा रेत गिट्टी बिक्री खरीदी का कमीशन मांग कर किया गया था हमला

**जांजगीर चांपा /** रेत गिट्टी बिक्री की कमीशन का मांग कर हमला के दो फरार आरोपीयों को जांजगीर पुलिस ने पकड़ा है । मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 10 सितंबर 25 को प्रार्थी लक्ष्मी प्रसाद यादव उर्फ नवधा निवासी देवरहा थाना जांजगीर द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया था कि दिनांक 9 सितंबर 2025 को रात्रि के समय कोटाडबरी चांपा निवासी राजेंद्र पटेल द्वारा प्रार्थी को फोन कर रेत गिट्टी खरीदी बिक्री में कमीशन मांगने लगा । प्रार्थी के द्वारा उसकी बात को मना करते हुए फोन रख दिया तब आरोपी राजेंद्र पटेल अपने 20- 25 अन्य साथियों के साथ डंडा, लाठी, तलवार चाकू लेकर प्रार्थी के घर ग्राम देवरहा पहुंच कर उसके घर के सामने अश्लील गाली गलौज करने लगे । प्रार्थी जब बाहर आया तो जान से मारने की धमकी देते हुए सभी आरोपीगण हत्या करने के नियत से लाठी डंडा तलवार चाकू से हमला किये। लड़ाई झगड़ा की आवाज सुनकर गांव वालों के आने पर आरोपीगण मौके से फरार हो गए जिसकी सूचना रिपोर्ट पर आरोपियों के विरुद्ध अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया था। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में थाना जांजगीर पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के कुशल मार्गदर्शन में विवेचना के दौरान आरोपी राजेंद्र पटेल के साथी मनीष हंसेलिया , उमाशंकर यादव और रामकेवट निवासी जांजगीर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका हैं।



प्रकरण के फरार आरोपी निगरानी बदमाश सतीश यादव उर्फ बाटा एवं गुंडा बदमाश प्रांजल यादव उर्फबली उर्फदादू को पकड़ा जिसके द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर उक्त घटना कारित करना जुर्म स्वीकार किए जाने पर विधिवत गिरफ्तार कार्यवाही किया गया । उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक मणिकांत पांडे, उप निरीक्षक सत्यम चौहान एवं अन्य स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद हेतु आवेदन आमंत्रित

जांजगीर-चांपा / एकीकृत बाल विकास परियोजना नवागढ़ द्वारा नगर पंचायत शिवरीनारायण क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 06 महात्मा गांधी वार्ड स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 01 पद हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर ने बताया कि उक्त पद के लिए वार्ड क्रमांक 06 महात्मा गांधी वार्ड, शिवरीनारायण की मूल निवासी इच्छुक पात्र अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र 01 अक्टूबर 2025 तक कार्यालयीन दिवसों में प्रातः 10 बजे से सायं 5.30 बजे तक स्वयं उपस्थित होकर या पंजीकृत डाक से भेज सकती हैं। निर्धारित अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

## आईटीआई बलौदा व खरौद में गेस्ट लेक्चरर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा /** जिला नोडल संस्था, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था जांजगीर द्वारा जिले की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बलौदा (महुदा) में व्यवसाय फिटर एवं शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था खरौद में व्यवसाय कोपा हेतु 01-01 पद पर मेहमान प्रवक्ता की भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है। प्राचार्य/नोडल अधिकारी शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाएं ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी द्वारा 03 अक्टूबर 2025 तक कार्यलयीन समय में सांय 5 बजे तक स्वयं उपस्थित होकर या पंजीकृत/स्पीड पोस्ट द्वारा भेज सकते हैं। आवेदन पत्र जिला नोडल संस्था, प्राचार्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था जांजगीर, मेन रोड (कुलीपोटा), जांजगीर, पिन-495671 (छ.ग.) के पते पर जमा किए जा सकते हैं। अन्य विस्तृत जानकारी के लिए जिले की आधिकारिक वेबसाइट httpsÑ//janjgir-champa.gov.in का अवलोकन किया जा सकता है।

## अवैध रूप से माजदा वाहन में लेकर जा रहे लोहा स्केप पाइप सारागांव पुलिस ने किया जब्त



**जांजगीर चांपा** / माजदा वाहन में अवैध रूप से ले जा रहे लोहा स्केप पाइप को सारागांव पुलिस ने जब्त किया है । मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि थाना सारागांव पुलिस दिनांक 15 सितंबर 2025 को सूचना मिला था कि थाना सारागांव क्षेत्र के ग्राम कोनियापाठ में एक माजदा वाहन क्रमांक सीजी 11 बीजी 7529 में लोहे का स्केप पाइप सीमेन्ट युक्त में भरा हुआ है , जो सडक में धस गया था । इसे ट्रेक्टर जेसीबी एवं हाइड्रा से निकाल रहे थे तब माजदा वाहन के चालक सुरज साहू पिता दयाराम साहु उम्र 25 वर्ष निवासी डुमरपारा थाना बाराद्वार जिला शक्ति से पुछताछ करने पर माल मालिक लखन लाल डडसेना के द्वारा किराये में गाडी को लाया था और उक्त लोहे का स्केप पाइप सीमेन्ट युक्त को लोड कराकर लेकर जा रहा था जो जमीन गिली होने से धस गया । इसके संबंध में पूछताछ किया जो कोई कागजात नही होना बताया एवं काटा पर्ची एवं बिल का मिलान करने पर 14490 किग्रा किमती 110890. 50 रू. का होना पाया गया जो गुजरात से दुसरे वाहन से लाकर कोनियापाठ में अनलोड कराया था । इसे बाराद्वार के तरफ ले जाना बताये जो चुराई हुई होने का संदेह होने एवं किसी अपराध के किये जाने का संदेह का होने पर धारा 106 बीएनएसएस में जप्त किया गया है। इसे थाना में जप्त कर सुरक्षार्थ रखा गया है। माल मालिक लखन लाल डडसेना पिता माधव लाल डडसेना साकिन बम्हनीडीह थाना बम्हनीडीह हाल मुकाम साकिन कोनियापाठ थाना सारागांव जिसे नोटिस दिया गया जो कागजात की जांच की जा रही है और सत्यापन की जा रही है । अलग अलग विभागों में पत्राचार किया जाकर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है । उक्त कार्यवाही में निरीक्षक सुभाष चौबे , सउनि के के कोसले , प्र0 आर0 अर्जुन जांगडे , आर0 शंकर जय किशन खुटे, गोर्वधन टाईगर का विशेष भूमिका रही ।

## बघेरा के बाजार चौक, प्रसिद्ध मंदिर मरसपोटा धाम मे सेवा पखवाड़ा स्वच्छता अभियान**



**राजनांदगांव।** भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी जी के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर भारतीय जानता पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत जी के आदेशानुसार और मंडल अध्यक्ष परदेशी सोनबोईर जी के नेतृत्व में पूरे मंडल में 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक चलाये जाने वाले सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत आज दूसरा कार्यक्रम जो है संपन्न हुआ।* स्वच्छता अभियान मंडल क्षेत्र के ग्राम बघेरा बाजार चौक साथ ही प्रसिद्ध मंदिर मरसपोटा धाम में प्रातः 7 बजे से सभी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान चलाया गया और लोगो को इसके प्रति जागरूक भी किये।

एक पेड़ माँ के नाम÷ स्वच्छता अभियान में आये सभी साथियों द्वारा मिलकर मंदिर प्रांगण में वृक्षारोपण भी किया गया।आज के स्वच्छता अभियान में मुख्य रूप से अध्यक्ष परदेशी सोनबोईर , मंडल महामंत्री राकेश साहू,यशवंत वर्मा, शेखर यदु, मोहन साहू, ईश्वर साहू, पंकज वर्मा, जीतू साहू, दुर्जन साहू, वेदव्यास साहू, श्याम लाल, राजकुमार देवांगन, रवि वर्मा, रवि साहू, लीलाधर साहू, साथ में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल की मनाई गई पुण्यतिथि

जांजगीर चांपा /

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं संविधान निर्मात्री समिति के सदस्य रहे बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल जी की पुण्यतिथि के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी जांजगीर चांपा के कार्यकारी जिला अध्यक्ष रमेश पैगवार के संयोजकत्व में जिला कांग्रेस द्वारा 18 सितंबर गुरुवार को जांजगीर शहीद स्मारक के पास स्थित स्वर्गीय ठाकुर छेदीलाल बैरिस्टर जी के प्रतिमा स्थल के पास श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी आयोजित की गई ।

कार्यक्रम के प्रारंभ में स्व .ठाकुर छेदीलाल बैरिस्टर जी को याद करते हुए धूप दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित किया गया और अंत में 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किए ?। कार्यक्रम में जांजगीर चांपा विधायक ब्यास कश्यप, जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी जिला अध्यक्ष रमेश पैगवार, जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने बैरिस्टर साहब द्वारा समाज एवं देश के प्रति किए गए कार्य, स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में उनके भूमिका पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डालें ।

कार्यक्रम का संचालन ठाकुर छेदीलाल बैरिस्टर अकादमी के अध्यक्ष देवेश सिंह ने एवं आभार प्रदर्शन जिला कांग्रेस महामंत्री शिशिर द्विवेदी ने किया । इस दौरान प्रमुख रूप से बैरिष्टर साहब के सुपुत्र कमोडोर विजय प्रताप सिंह, प्रदेश कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ परस शर्मा , सेवादल के जिला अध्यक्ष देव कुमार पाण्डेय , महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्रीमती सीमा राजू शर्मा, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष रफीक सिद्धकी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष भगवान दास गढवाल, उत्तम पाटले, श्रवण सिंह, परमेश्वर निर्मले, पार्षद देवराज सिंह, धीरज सिंह, पवन कश्यप, विजय प्रकाश तिवारी, अशोक सोनवानी, हर्ष शुक्ला, चेतन देवांगन, अंकित तिवारी, अनुराग त्रिपाठी, राजा खान, छोटा राणा, किशोर गहलोत, अतिक कुरैशी, कमलेश ताम्रकार, शफीक खान आदि कांग्रेसजन उपस्थित रहे।



## भगवान विश्वकर्मा महा आरती में सम्मिलित हुए राजेश्री महन्त



छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज गांधी चौक, रायपुर में आयोजित भगवान विश्वकर्मा महाआरती कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। आयोजक मंडली के द्वारा महा आरती विधिवत रूप से संपन्न कराई गई। इस अवसर पर राजेश्री महन्त जी महाराज के साथ विशेष रूप से प्रवेश नारायण शुक्ला, जय नारायण शुक्ला, हर्ष दुबे, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव सम्मिलित हुए।

खास खबर


## छत पर गमले के अंदर छुपा बैठा था विशालकाय अजगर-रेस्क्यू



**कोरबा(आरएनएस)**। नगर के 15 ब्लॉक झरनापारा में एक हैरान करने वाली घटना सामने आई। स्थानीय लोगों ने एक घर की छत पर करीब 8 से 10 फुट लंबा अजगर साँप देखा। अचानक इतने बड़े साँप को देखकर आसपास के लोगों में दहशत फैल गई और भीड़ जमा हो गई। लोगों ने तुरंत सर्पमित्र उमेश यादव को इसकी सूचना दी सूचना मिलते ही सर्पमित्र टीम मौके पर पहुंचे और करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद अजगर को सुरक्षित काबू में किया।

सर्पमित्र उमेश यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि अजगर भूखा था और बारिश के मौसम में अक्सर यह खुले इलाकों या घरों के पास दिखाई देते हैं। इसमें किसी भी प्रकार का जहर नहीं होता पर यह अपने शिकार की दम घोटकर मारने की क्षमता रखता है साँप को पकड़ने के बाद वन विभाग को सूचित करके सुरक्षित स्थान पर जंगल में छोड़ दिया गया। तब जाकर मोहल्ले के लोगों ने राहत की सांस ली और रेस्क्यू टीम का आभार जताया।

वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि यदि कभी भी घर या खेतों के आसपास साँप दिखाई दे तो घबराएँ नहीं, साँप को नुकसान न पहुँचाएँ और तुरंत स्नेक रेस्क्यू या वन विभाग को सूचना दें।



## व्यापारी की फांसी के फंदे में लटकती मिली लाश

**कोरबा** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में एक व्यापारी की फ ांसी के फंदे में लटकती लाश मिली हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, व्यापारी की राशन दुकान है। परिवार के साथ वह मानिकपुर वार्ड क्रमांक 33 में रहता था। देर रात परिवार के साथ भोजन करने के बाद वह अपने कमरे में चला गया। इसके बाद उसने कमरे का दरवाज अंदर से बंद कर लिया। कुछ देर बाद परिजन कमरे से गुजरे। तब उन्होंने देखा कि कमरा बंद है। आवाज देने पर भी उसने दरवाजा नहीं खोला। उन्होंने खिड़की से झांककर देखा तो वह फांसी के फंदे पर लटकता दिखा। परिजन तुरंत खिड़की तोड़कर अंदर घुसे और उसे चिकित्सालय ले गए। जहां चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर चिकित्सालय पहुंची पुलिस ने मेमो के आधार पर पंचनामा तैयार किया। साथ ही परिजनों का बयान लेकर आगे की कार्यवाही में जुट गई है।

# सात दिवस के भीतर ज्वॉइन नहीं करने वाले शिक्षकों को नो-वर्क, नो-पेमेंट के निर्देश

### कलेक्टर ने युक्ति युक्तकरण के तहत पदस्थापना स्थल पर ज्वॉइन नहीं करने पर सर्विस बेक्र करने के दिए निर्देश

### बंद पड़ी योजनाओं के खाते बंद होंगे, बची हुई राशि शासन के खाते में जमा करने कलेक्टर ने दिए निर्देश

### आत्मानंद स्कूलों में रिक्त पदों पर पारदर्षिता के साथ भर्ती के निर्देश

### समय सीमा की बैठक में विभागीय कामकाज की हुई समीक्षा



कोरबा संवाददाता।

कलेक्टर अजीत वसन्त ने समय सीमा की बैठक लेकर विभागीय कामकाजों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने एक माह से अधिक समय के लम्बित प्रकरणों पर शीघ्र कार्यवाही करते हुए प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वसंत ने राज्य षासन के दिषा निर्देषों के तहत अपनाई गई युक्ति युक्तकरण की प्रक्रिया में पदस्थापना वाले विद्यालयों में अब तक ज्वॉइन नहीं करने वाले षिक्षकों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही के निर्देष दिए हैं। उन्होंने जिला षिक्षा अधिकारी को निर्देषित किया है कि माननीय न्यायालय में लंबित प्रकरणों को छोड़कर अन्य सभी षिक्षकों को सात दिवस के भीतर संबंधित विद्यालयों में ज्वॉनिंग कराएं। सात दिवस के भीतर ज्वॉइन नहीं करने पर नो वर्क, नो पेंमेंट की कार्यवाही करें। कलेक्टर ने ऐसे षिक्षकों के विरूद्ध सर्विस बेक्र की कार्यवाही के निर्देष भी दिए हैं। कलेक्टर ने 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सभी विभागों को षासन के निर्देषों के तहत कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देष दिए।

कलेक्टर श्री वसन्त ने समय सीमा की बैठक में नगर निगम आयुक्त, जिला पंचायत सीईओ, अपर कलेक्टर सहित प्रभारी अधिकारियों को निर्देषित किया कि जिन विभागों की षासकीय योजनाएं बंद हो चुकी है, उसके बैंक खाते बंद कराकार ष्षेष राषि को षासन के खाते में जमा कराई जाए। उन्होंने खाता बंद कराकर प्रमाण पत्र भी लेने के निर्देष दिए। कलेक्टर ने जिले में संचालित पीएम श्री विद्यालय के नये भवन के प्रषासकीय स्वीकृति, आत्मानंद विद्यालयों में रिक्त षिक्षकों के पदों पर भर्ती की समीक्षा की। उन्होंने आत्मानंद विद्यालय मेंयोग्य षिक्षकों की भर्ती करने तथा भर्ती प्रक्रिया पारदर्षिता से सम्पन्न कराने के निर्देष दिए। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देषित किया कि वे विकास खण्ड षिक्षा अधिकारियों के माध्यम से सभी हायर सेकेण्डरी विद्यालयों के प्रयोगषालाओं की स्टेटस लेकर अगली बैठक से पूर्व रिपोर्ट प्रस्तुत करें। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री वसंत ने सभी विभागों को ई-ऑफिस के माध्यम से फाइलों को आगे बढ़ाने के निर्देष दिए। बैठक में उन्होंने सीएसआर अंतर्गत विद्यालय भवन निर्माण की स्थिति की समीक्षा करते हुए निर्देषित किया कि गुणवत्ताविहीन निर्माण वाले भवनों का भुगतान न किया जाए। उन्होंने प्रषासकीय स्वीकृति से पूर्व पोषण पुनर्वास भवन के लिए सीएमएचओं को स्थल चिन्हित करने, बाल सम्प्रेक्षण गृह के षेष कार्यों को 30 सितम्बर तक पूर्ण करने के निर्देष दिए। कलेक्टर ने षासकीय षिक्षक द्वारा षासकीय भूमि पर किये गये अतिक्रमण को हटाने और उनके विरूद्ध आवष्यक कार्यवाही करने, समय पर विद्यालय में विद्यार्थियों को नाष्ता नहीं देने वाले षिक्षक के विरूद्ध कार्यवही के निर्देष दिए। बैठक में उन्होंने धार्मिक स्थल कनकी, मड़वारानी, मातिनदाई मंदिर परिसरों में जनसुविधा एवं पयेजल की व्यवस्था, रेडी टू ईट निर्माण, मेडिकल कॉलेज सड़क मार्ग, सीएचसी परिसर में आवास निर्माण, कस्तूरबा आवासीय विद्यालय से संबंधित कार्य सहित अन्य विषयों की चर्चा कर प्रगति की जानाकरी ली और आवष्यक दिषा निर्देष दिए।

## आयुक्त पहुंचे गोकुलनगर गोठान, किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं की सतत दुरूस्तगी के दिए निर्देश

कोरबा




आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने नगर पालिक निगम कोरबा के गोकुलनगर गोठान पहुंचकर वहॉ का सघन रूप से निरीक्षण किया, उन्होने गोठान की समस्त व्यवस्थाओं को सतत रूप से दुरूस्त रखने, गोठान में रखे गए मवेशियों की सतत देखभाल करने एवं भूसा, चारा एवं पानी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने पम्प हाउस स्थित कम्पोस्ट सेंटर का निरीक्षण किए जाने के साथ ही शहर के विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर साफ-सफाई कार्यो का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

यहॉ उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम कोरबा के आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय द्वारा प्रतिदिन शहर के विभिन्न स्थलों का प्रातः भ्रमण कर निगम के साफ-सफाई कार्यो सहित विभिन्न मूलभूत सुविधाओं, निगम की व्यवस्थाओं, निर्माण व विकास कार्यो सहित निगम के विभिन्न कार्यो का नियमित रूप से निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की सतत दुरूस्तगी के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज आयुक्त श्री पाण्डेय ने अपने प्रातः भ्रमण के दौरान गोकुलनगर में निगम द्वारा संचालित गोठान का निरीक्षण किया एवं वहॉ की व्यवस्थाओं का सघन रूप से जायजा लिया। आयुक्त श्री पाण्डेय ने गोठान में रखे गए मवेशियों के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली एवं वहॉ पर मवेशियों के लिए भूसा, चारा, पानी आदि के संबंध में की गई व्यवस्था एवं उनकी उपलब्धता का निरीक्षण किया। उन्होने अधिकारियों से कहा कि गोठान की समस्त व्यवस्थाएं निरंतर चुस्त-दुरूस्त रखें तथा गोठान में रखे गए मवेशियों की सतत रूप से देखभाल सुनिश्चित कराएं। उन्होने निर्देश देते हुए कहा कि गोठान में मवेशियों के लिए भूसा, चारा व पानी की पर्याप्त व्यवस्था बनी रहें, समय-समय पर उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया जाए, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित कराएं।

कम्पोस्ट सेंटर का किया निरीक्षण - नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा पम्प हाउस कालोनी के समीप नहर के किनारे कम्पोस्ट सेंटर संचालित किया जा रहा है, जहॉ पर शहर से उत्सर्जित गीले कचरे से खाद का निर्माण किया जाता है। आयुक्त श्री पाण्डेय ने आज उक्त कम्पोस्ट सेंटर का भी निरीक्षण किया एवं वहॉ की व्यवस्थाओं को देखा। उन्होने सेंटर में स्थित कम्पोस्ट शेड में खाद बनाने की प्रक्रिया का अवलोकन करते हुए सेंटर की साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाओं की दुरूस्तगी के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

सफाई कार्यो का सघन निरीक्षण - आयुक्त श्री पाण्डेय ने भ्रमण के दौरान कोसाबाड़ी, निहारिका, घंटाघर, बुधवारी, सी.एस.ई.बी.चैक, पम्प हाउस कालोनी, व्ही.आई.पी.रोड सहित अन्य विभिन्न स्थलों के साफ-सफाई कार्यो का निरीक्षण किया, सफाई कार्य में संलग्न स्वच्छता कामगारों से उनके कार्य स्थल एवं कार्यो की जानकारी ली। आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि साफ-सफाई कार्यो में किसी प्रकार की कोताही न बरती जाए एवं निर्धारित मानदण्डो के अनुरूप नियमित रूप से सफाई कार्य किए जाएं, साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कार्य के दौरान एकत्रित कचरे का स्थल से तुरंत उठाव व परिवहन का कार्य त्वरित रूप से हो एवं ज्यादा समय तक स्थल पर कचरा डम्प न रहें।



## ट्रक ने 8 गायों को रौंदा, गौ सेवकों का उग्र प्रदर्शन, चक्काजाम

**बिलासपुर,** शासन की सख्त कोशिशों और सुरक्षा के दावों के बावजूद सड़क पर मवेशियों की मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार की रात तेज रफ्तार ट्रक ने बिलासपुर-कोरबा हाईवे पर मवेशियों के झुंड को बेरहमी से कुचल डाला। इस दर्दनाक हादसे में 8 गायों की तड़प-तड़प कर मौत हो गई। सबसे भयावह दृश्य तब सामने आया जब एक गर्भवती गाय का पेट फट गया और उसका बछड़ा बाहर निकल आया – दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना कोनी थाना क्षेत्र के ग्राम गतौरी स्थित सीमा फ्यूल्स के पास रतनपुर रोड पर हुई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रक चालक इतनी तेज और लापरवाही से वाहन चला रहा था कि मवेशियों को कुचलते हुए निकल गया। हादसे के बाद चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया।

## स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का आयोजन आज से 2 अक्टूबर तक

### स्वास्थ्य विभाग एवं अखिल भारतीय तेरारापंथ युवक परिषद के समन्वय से जैन मंदिर बुधवारी कोरबा में वृहद रक्तदान शिविर (रक्तदान अमृत oमहोत्सव 2.0 )का आयोजन

**कोरबा** । कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन. केशरी के नेतृत्व में जिले में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा आयुष विभाग के समन्वय से जिले के समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों (आयुष्मान आरोग्य मंदिरों), सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा जिला विकित्सालय में 17 सितंबर से 02 अक्टूबर 2025 तक महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाए सुनिश्चित करने के लिए महिलाओं को स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने दैनिक स्वास्थ्य शिविर लगाये जाएंगे । जिसका उद्देश्य महिलाओं और बच्चों की विशिष्ट स्वास्थ देखभाल, आवश्यकताओं को पूरा करना, स्वास्थ्य, पोषण, तंदरूस्ती और प्रधानमंत्री के 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाना है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी ने बताया कि 17 सितंबर से 02 अक्टूबर 2025 तक स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान में लगने वाले दैनिक शिविरों में रोगों की प्रारंभिक पहचान, रोकथाम और स्वास्थ्य संवर्घन पर घ्यान केन्द्रीत किया जाएगा, इस शिविरों में गैर संचारी रोगों, कैंसर, एनीमिया, टीबी, सिकल सेल रोग और मातृ स्वास्थ्य की जॉच एवं उपचार किया जायेगा साथ ही स्वस्थ जीवनशैली, जागरूकता और परामर्श सत्र का आयोजन किया जावेगा।

## राजस्व रिकार्ड में हेराफेरी कर जमीन बंधक रखने के मामले में एफआईआर दर्ज करने दिए निर्देश

संवाददाता



**कोरबा संवाददाता।** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), पोड़ी-उपरोड़ा ने राजस्व रिकार्ड में की गई कथित हेराफेरी का गंभीर मामला उजागर करते हुए संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। जानकारी के अनुसार ग्राम लालपुर, पटवारी हल्का नंबर 20, राजस्व निरीक्षक मंडल कोरबी, तहसील पोड़ी-उपरोड़ा स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 89/1 से विभाजित खसरा नंबर 89/82, 89/83, 89/84 और 89/85 कुल रकबा 9.034 हेक्टेयर भूमि पर बटांकन हुआ है। उक्त भूमि शिवचरन पिता ईतवारी (जाति महरा, अनुसूचित जाति) के नाम पर दर्ज पाई गई है। जांच में सामने आया कि यह भूमि 30 सितंबर 2024 को अक्षय बैंक दुर्ग में बंधक रखी गई थी। हालांकि नामांतरण क्रमांक 5505047/2802824/02984 10 फरवरी 2024 बी-1 कैफियत में दर्ज तो है, परंतु नामांतरण पंजी में दर्ज नहीं पाया गया। इसी तरह ग्राम घुचांपुर, पटवारी हल्का नंबर 20, राजस्व निरीक्षक मंडल कोरबी की भूमि खसरा नंबर 206/1 से 206/8 (रकबा 1.876 हेक्टेयर), खसरा नंबर 208/1 से 208/11 (रकबा 0.833 हेक्टेयर) और खसरा नंबर 208/12 (रकबा 1.886 हेक्टेयर) कुल 4.595 हेक्टेयर भूमि का भी बटांकन किया गया। यह भूमि अजय यादव पिता हीरावन (जाति रावत, अन्य पिछड़ा वर्ग) के नाम पर दर्ज पाई गई, जिसे 30 सितंबर 2024 को प्रथम बैंक बेमेतरा शाखा में बंधक रखा गया था। कुल सात खसरा नंबर और 13.629 हेक्टेयर भूमि से जुड़े इस पूरे प्रकरण में आरोप है कि संबंधित व्यक्तियों ने षड्यंत्र पूर्वक राजस्व अभिलेखों में हेराफेरी कर जमीन अपने नाम दर्ज कराई और बाद में बैंकों से ऋण प्राप्त करने के लिए उसे बंधक रख दिया। इस तरह की कुटरचना और कदाचार को गंभीर अपराध की श्रेणी में मानते हुए कोरबा जिला कलेक्टर अजीत बसंत के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) ने थाना पुलिस को संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

# आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने बकायादारों व करदाताओं से की अपील - शिविर में पहुंचकर जमा करें बकाया कर राशि

### आज से राजस्व वसूली के लिए वार्डो में लगेंगे शिविर

कोरबा लोकशक्ति

आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के निर्देश पर नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा राजस्व वसूली हेतु वार्डो में शिविरों का आयोजन किया जाएगा, यह शिविर 17 सितम्बर से 18 अक्टूबर तक निर्धारित कार्यक्रम के तहत आयोजित होंगे तथा वार्ड के निर्धारित स्थलों पर करदाताओं व बकायादारों से बकाया करों की राशि जमा कराई जाएगी। आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम के करदाताओं, बकायादारों से अपील की है कि वे शिविरों में पहुंचकर बकाया करों की राशि जमा कराएं, साथ ही ऐसे नए भवन, मकान तथा अन्य सम्पत्तियॉं जिनमें सम्पत्तिकर अभी तक आरोपित नहीं किया गया है, वे नियमानुसार आवेदन पत्र सहित स्व-विवरणी फार्म भरकर अपने संबंधित जोन कार्यालय में राशि जमा कराएं। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा 17 सितम्बर से 18 अक्टूबर तक वार्डो में लगाए जाने वाले राजस्व वसूली शिविरों हेतु निर्धारित किए गए कार्यक्रम के अनुसार 17 सितम्बर को वार्ड क्र. 01 रामसागरपारा दलिया गोदाम, वार्ड क्र. 03 साकेतनगर तुलसीनगर सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 26 आंगनबाड़ी केन्द्र क्र. 02 कृष्णानगर, वार्ड क्र. 19 पथर्रीपारा सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 38 अमर सिंह होटल के पास सार्वजनिक मंच, वार्ड क्र. 48 कलमीडुग्गू सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 61 वैशालीनगर बरमपुर गणेश पण्डाल के पास शिविर आयोजित होंगे। इसी प्रकार 18 सितम्बर को वार्ड क्र. 01 रामसागरपारा दलिया गोदाम, वार्ड क्र. 03 साकेतनगर तुलसीनगर सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 26 आंगनबाड़ी केन्द्र क्र. 02 कृष्णानगर, वार्ड क्र. 19 मानस नगर पथर्रीपारा, वार्ड क्र. 38 चेकपोस्ट लालघाट, वार्ड क्र. 48 जयभगवान गली दर्री, वार्ड क्र. 61 वैशालीनगर बरमपुर गणेश पण्डाल के पास, 19 सितम्बर को वार्ड क्र. 02 दुर्गा चैक पटेलपारा, वार्ड क्र. 03 साकेतनगर तुलसीनगर सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 26 आंगनबाड़ी केन्द्र क्र. 02 कृष्णानगर, वार्ड क्र. 20 छ.ग.वि.मं. क्र. 02 बजरंग चैक पण्डाल पथर्रीपारा, वार्ड क्र. 39 हाउसिंग बोर्ड सामुदायिक भवन रिसदा, वार्ड क्र. 49 प्रेमनगर आंगनबाड़ी केन्द्र, वार्ड क्र. 62 सर्वमंगला नगर दशहरा मैदान दुर्गा पण्डाल, 20 सितम्बर को वार्ड क्र. 02 दुर्गा चैक पटेलपारा, वार्ड क्र. 03 साकेतनगर तुलसी नगर सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 27 दुर्गा पण्डाल एम.पी.नगर कोरबा, वार्ड क्र. 20 छ.ग.वि.मं. क्र. 02 डीरीपारा, वार्ड क्र. 39 हाउसिंग बोर्ड सामुदायिक भवन रिसदा, वार्ड क्र. 49 प्रेमनगर आंगनबाड़ी केन्द्र, वार्ड क्र. 62 सर्वमंगला नगर दशहरा मैदान दुर्गा पण्डाल, 22 सितम्बर को वार्ड क्र. 05 देवांगनपारा ब्राम्हण मोहल्ला, वार्ड क्र. 04 सामुदायिक भवन राताखार, वार्ड क्र. 27 दुर्गा पण्डाल एम.पी.नगर कोरबा, वार्ड क्र. 22 कांशीनगर नवधा पण्डाल, वार्ड क्र. 40 बरगद चैक सार्वजनिक मंच पाड़ीमार क्र. 01, वार्ड क्र. 50 आंगनबाड़ी के पास हसदेव क्र. 03, वार्ड क्र. 63 विकास नगर वैशालीनगर, 23 सितम्बर को वार्ड क्र. 05 प्रताप चैक देवांगनपारा, वार्ड क्र. 04 सामुदायिक भवन राताखार, वार्ड क्र. 27 दुर्गा पण्डाल एम.पी.नगर कोरबा, वार्ड क्र. 22 कांशीनगर नवधा पण्डाल, वार्ड क्र. 40 पाड़ीमार क्र. 01 सामुदायिक भवन इंदिरा मार्केट के पास, वार्ड क्र. 50 हसदेव क्र. 03 आंगनबाड़ी के पास, वार्ड क्र. 63 विकास नगर विद्यानगर, 24 सितम्बर को वार्ड क्र. 06 पुरानी बस्ती भण्डारी चैक, वार्ड क्र. 04 सामुदायिक भवन राताखार, वार्ड क्र. 28 एस.ई.सी.एल. क्र. 01 गणेश पण्डाल मुड़ापार, वार्ड क्र. 23 गणेश पण्डाल बुधवारी, वार्ड क्र. 41 पाड़ीमार क्र. 02 गणेशनगर, वार्ड क्र. 51 स्याहीमुड़ी सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 64 इमलीछापर चैक, 25 सितम्बर को वार्ड क्र. 06 पुरानी बस्ती भण्डारी चैक, वार्ड क्र. 15 परिवहन नगर पन्द्रह ब्लाक गणेश पण्डाल, वार्ड क्र. 28 एस.ई.सी.एल. क्र. 01 गणेश पण्डाल मुड़ापार, वार्ड क्र. 23 गणेश पण्डाल बुधवारी, वार्ड क्र. 41 डुग्गूपारा पाड़ीमार क्र. 02, वार्ड क्र. 51 स्याहीमुड़ी सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 64 इमलीछापर चैक, 26 सितम्बर को वार्ड क्र. 07 सिंधी गुरूद्वारा धनुहारपारा, वार्ड क्र. 15 पन्द्रह ब्लाक गणेश पण्डाल, वार्ड क्र. 29 गणेश पण्डाल मुड़ापार, वार्ड क्र. 24 खपराभट्ठा देवांगन पार्षद घर के पास, वार्ड क्र. 42 दैहानपारा बालकोनगर, वार्ड क्र. 52 अयोध्यापुरी उरांव मोहल्ला, वार्ड क्र. 65 भैरोताल आनंदनगर सामुदायिक भवन, 27 सितम्बर को वार्ड क्र. 07 सिंधी गुरूद्वारा धनुहारपारा, वार्ड क्र. 15 पन्द्रह ब्लाक गणेश पण्डाल, वार्ड क्र. 29 गणेश पण्डाल मुड़ापार, वार्ड क्र. 24 खपराभट्ठा देवांगन पार्षद घर के पास, वार्ड क्र. 42 दैहानपारा बालकोनगर, वार्ड क्र. 52 पण्डाल पावर सिटी रोड अयोध्यापुरी, वार्ड क्र. 65 भैरोताल आनंदनगर सामुदायिक भवन, 29 सितम्बर को वार्ड क्र. 08 मोतीसागरपारा सामुदायिक भवन गोकुलगंज, वार्ड क्र. 15 स्टेडियम जोन कार्यालय टी.पी.नगर, वार्ड क्र. 29 गणेश पण्डाल मुड़ापार, वार्ड क्र. 25 शिवाजीनगर दुर्गा पण्डाल, वार्ड क्र. 43 कैलाशनगर सार्वजनिक मंच, वार्ड क्र. 53 चोरभट्ठी पावर सिटी गेट के पास, वार्ड क्र. 66 डगनियाखार पंखादफाई, 30 सितम्बर को वार्ड क्र. 08 मोतीसागरपारा सामुदायिक भवन गोकुलगंज, वार्ड क्र. 16 पम्प हाउस सार्वजनिक मंच, वार्ड क्र. 30 नवधा पण्डाल रामनगर, वार्ड क्र. 25 शिवाजीनगर दुर्गा पण्डाल, वार्ड क्र. 43 इंदिरानगर सार्वजनिक मंच, वार्ड क्र. 53 चोरभट्ठी पावर सिटी गेट के पास, वार्ड क्र. 66 शांतिनगर बाजार के पास शिविर आयोजित होंगे। इसी प्रकार 03 अक्टूबर को वार्ड क्र. 09 इमलीडुग्गू कुम्हार मोहल्ला, वार्ड क्र. 16 सार्वजनिक मंच पम्प हाउस, वार्ड क्र. 30 नवधा पण्डाल रामनगर, वार्ड क्र. 31 दुर्गा पण्डाल फेस-01 डॉ.आर.पी.नगर, वार्ड क्र. 44 दुर्गा पण्डाल नेहरूनगर, वार्ड क्र. 54 जमनीपाली चैक के समीप बीच बस्ती, 04 अक्टूबर को वार्ड क्र. 09 इमलीडुग्गू कुम्हार मोहल्ला, वार्ड क्र. 16 सार्वजनिक मंच पम्प हाउस, वार्ड क्र. 30 नवधा पण्डाल रामनगर, वार्ड क्र. 31 दुर्गा पण्डाल फेस - 01 डॉ.आर.पी.नगर, वार्ड क्र. 44 दुर्गा पण्डाल नेहरूनगर बालको, वार्ड क्र. 54 गोपालपुर स्कूल के समीप सारथी मोहल्ला, 06 अक्टूबर को वार्ड क्र. 10 सामुदायिक भवन भिलाईखुर्द क्र. 02, वार्ड क्र. 17 सांस्कृतिक भवन ढोढ़ीपारा, वार्ड क्र. 33 मानिकपुर ठाकुरदिया चैक, वार्ड क्र. 32 प्राथमिक शाला पोड़ीबहार, वार्ड क्र. 45 कांजीहाउस परसाभांठा बालको, वार्ड क्र. 55 सुमेधा इंदिरा नगर सामुदायिक भवन, 07 अक्टूबर को वार्ड क्र. 11 सीतामणी रमेश गली, वार्ड क्र. 17 सांस्कृतिक भवन ढोढ़ीपारा, वार्ड क्र. 33 मानिकपुर ठाकुरदिया चैक, वार्ड क्र. 32 प्राथमिक शाला पोड़ीबहार, वार्ड क्र. 45 कांजीहाउस परसाभांठा बालको, वार्ड क्र. 55 सुमेधा इंदिरानगर सामुदायिक भवन, 08 अक्टूबर को वार्ड क्र. 11 सीतामणी बजरंग टाकिज के पास, वार्ड क्र. 17 सांस्कृतिक भवन ढोढ़ीपारा, वार्ड क्र. 33 मानिकपुर ठाकुरदिया चैक, वार्ड क्र. 35 खरमोरा बस्ती सामुदायिक भवन नीम चैक, वार्ड क्र. 46 बेलगिरी बस्ती फायर कालोनी, वार्ड क्र. 56 शक्तिनगर क्र. 01 सामुदायिक भवन के पास, 09 अक्टूबर को वार्ड क्र. 12 नई बस्ती अग्रोहा चैक मेन रोड, वार्ड क्र. 18 सामुदायिक भवन चारपारा कोहड़िया, वार्ड क्र. 34 दादरखुर्द श्रीजगन्नाथ मंदिर के पास, वार्ड क्र. 35 खरमोरा बस्ती सामुदायिक भवन नीम चैक, वार्ड क्र. 46 बेलगिरी बस्ती बालको, वार्ड क्र. 56 शक्तिनगर क्र. 01 सामुदायिक भवन के पास, 10 अक्टूबर को वार्ड क्र. 12 नई बस्ती लक्ष्मणबन तालाब, वार्ड क्र. 18 सामुदायिक भवन चारपारा कोहड़िया, वार्ड क्र. 34 दादरखुर्द श्रीजगन्नाथ मंदिर के पास, वार्ड क्र. 36 कोसाबाड़ी संस्कार भारती स्कूल के सामने मंच, वार्ड क्र. 47 शिवनगर रूमगरा सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 58 सरदार वल्लभभाई पटेलनगर कबीर भवन दर्री, 11 अक्टूबर को वार्ड क्र. 13 सामुदायिक भवन शारदा विहार, वार्ड क्र. 18 सामुदायिक भवन चारपारा कोहड़िया, वार्ड क्र. 36 कोसाबाड़ी संस्कार भारती स्कूल के सामने मंच, वार्ड क्र. 47 शिवनगर रूमगरा सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 58 सरदार वल्लभभाई पटेलनगर लाटा स्कूल के समीप, 13 अक्टूबर को वार्ड क्र. 14 नवधा पण्डाल अमरैयापारा, वार्ड क्र. 37 रामपुर सामुदायिक भवन नीम झाड़ के पास, वार्ड क्र. 59 दर्रीखार क्र. 01 नगोईखार सामुदायिक भवन, 14 अक्टूबर को वार्ड क्र. 14 नवधा पण्डाल अमरैयापारा, वार्ड क्र. 37 रामपुर सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 59 दर्रीखार क्र. 01 आर.के. विडियो गली दुर्गा मंदिर के पास, 15 अक्टूबर को वार्ड क्र. 60 दर्रीखार क्र. 02 कोटवार घर के समीप सामुदायिक भवन आंगनबाड़ी केन्द्र, 16 अक्टूबर को वार्ड क्र. 60 दर्रीखार क्र. 02 कोटवार घर के समीप सामुदायिक भवन आंगनबाड़ी केन्द्र, 17 अक्टूबर को वार्ड क्र. 67 बलगीखार कांजी हाउस के समीप बलगी एवं 18 अक्टूबर को वार्ड क्र. 67 बलगीखार कांजी हाउस के समीप बलगी में शिविर आयोजित होंगे।

# रायपुर : राज्य स्तरीय कूड़ो प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को मिला स्वर्ण पदक

**रायपुर,** छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय कूड़ो प्रतियोगिता दुर्ग जिले में आयोजित हुआ। बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के 40 खिलाड़ियों ने अलग-अलग वेट कैटिगरी में भाग लिया। प्रतियोगिता में 18 पुरुष एवं 22 महिला खिलाडियों ने जिले का प्रतिनिधित्व किया। खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए 8 स्वर्ण पदक, 7 रजत पदक और 13 कांस्य पदक जीत कर जिले का नाम रोशन किया। राज्य स्तरीय कूड़ो चैंपियनशिप में विजेता खिलाड़ी आगामी अक्टूबर माह में गुजरात मे होने वाले राष्ट्रीय कूड़ो चैंपियनशिप प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। खेल छत्तीसगढ़ शासन और भारत सरकार से मान्यता प्राप्त खेल है। विजेता खिलाड़ियों शासन द्वारा नगद राशि प्रदान कर सम्मानित किया जाता है। जिसमें बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के खिलाड़ियों ने विभिन्न कटेगरी में स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक प्राप्त किया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने खिलाड़ियों विजेता प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। राज्य स्तरीय कूडो चैंपियनशिप में विजेता खिलाडियों को कूड़ो एसोसिएशन के अध्यक्ष ने भी बधाई दी।



## संदिग्ध शराब सेवन के बाद दो युवकों की मौत, परिजनों का हंगामा, सड़क जाम

**सक्ती,** । जिले के बिर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत करही गांव में शराब पीने के बाद दो युवकों की मौत का मामला सामने आया है। मृतकों की पहचान मनोज कश्यप और सूरज यादव के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश है, जिन्होंने जहरीली शराब से मौत की आशंका जताई है।

बताया गया कि सोमवार दोपहर दोनों युवकों ने देशी शराब का सेवन किया, जिसके कुछ देर बाद उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और वे बेहोश हो गए। परिजन तुरंत उन्हें इलाज के लिए सारंगढ़ के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन इलाज के दौरान ही दोनों की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में शोक के साथ-साथ गुस्सा भी फूट पड़ा। परिजनों ने घटनास्थल से एक देशी शराब की बोतल मिलने का दावा करते हुए इसे ही मौत का कारण बताया। इसके विरोध में मंगलवार सुबह ग्रामीणों ने बिर्रा चौक पर चक्काजाम कर दिया, जिससे हसौद-शिवरीनारायण मार्ग और भटगांव-चांपा-कोरबा मार्ग पर आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। सारंगढ़ पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों शवों का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा और जीरो में मर्ग कायम कर मामला बिर्रा थाने को सौंप दिया है। बिर्रा थाना पुलिस और एसडीओपी ने करही गांव पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और स्थानीय लोगों से पूछताछ की जा रही है।

## शादी का झांसा देकर छह साल तक करता रहा शोषण, आरोपी गिरफ्तार

बालोद, । जिले के गुरूर थाना क्षेत्र में एक विवाहित महिला के साथ शादी का झांसा देकर कई वर्षों तक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी नीलू यादव को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर आरोप है कि वह वर्ष 2019 से महिला का यौन शोषण कर रहा था।

पीड़िता ने 14 सितंबर 2025 को गुरूर थाने में मामला दर्ज कराया। महिला ने अपनी शिकायत में बताया कि आरोपी ने पहले शादी करने का वादा किया, फिर शारीरिक संबंध बनाए और यह सिलसिला लगभग छह साल तक चलता रहा। इस दौरान महिला गर्भवती भी हो गई। गर्भ ठहरने के चार महीने बाद, जब महिला ने शादी के लिए कहा, तो आरोपी ने बच्चा अपना होने से इनकार कर दिया और शादी से भी पीछे हट गया। इससे मानसिक रूप से आहत महिला ने थाने में लिखित आवेदन देकर न्याय की मांग की।

पुलिस ने महिला की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 69 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के बाद सोमवार को आरोपी नीलू यादव को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

### वृक्षारोपण में लापरवाही पर वन परिक्षेत्र अधिकारी निलंबित

गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले के मरवाही वनमंडल अंतर्गत खोडरी वनपरिक्षेत्र के प्रभारी रेंजर मनीष श्रीवास्तव को गंभीर लापरवाही के चलते निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई बिलासपुर के मुख्य वन संरक्षक द्वारा की गई है। रेंजर श्रीवास्तव पर आरोप है कि उन्होंने ग्रीन क्रेडिट योजना के तहत किए जा रहे पौधरोपण कार्य को अधूरा छोड़ दिया और निर्धारित मानकों के विपरीत छोटे और अविकसित पौधों का उपयोग कराया।

## श्रीरामलला दर्शन योजना : 850 श्रद्धालु अयोध्या धाम के लिए हुए रवाना



रायपुर, संवाददाता

श्रीरामलला दर्शन योजना के तहत भारत गौरव ट्रेन बिलासपुर संभाग के 850 श्रद्धालुओं को लेकर अयोध्या धाम के लिए रवाना हुई। बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर इस विशेष ट्रेन को जिला पंचायत के अध्यक्ष श्री राजेश सूर्यवंशी ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुंगेली जिला पंचायत के अध्यक्ष श्री श्रीकांत पांडे, बिलासपुर जिला पंचायत के सीईओ श्री संदीप अग्रवाल, पूर्व महापौर श्रीमती वाणी राव और नगर निगम के सभापति श्री विनोद सोनी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन, छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के अधिकारी-कर्मचारी तथा रेलवे के कर्मचारी उपस्थित थे।

बिलासपुर रेलवे स्टेशन से अयोध्या धाम यात्रा के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं का स्टेशन में भव्य स्वागत किया गया। गाजे-बाजे और पारंपरिक नृत्य के साथ तिलक लगाकर भक्तों का स्वागत किया गया। ये श्रद्धालु काशी विश्वनाथ का भी दर्शन करेंगे।

## मुख्यमंत्री साय से केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने की सौजन्य भेंट



**रायपुर, संवाददाता ।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने सौजन्य भेंट की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी से छत्तीसगढ़ में महिला सशक्तिकरण तथा बच्चों के पोषण और शिक्षा से संबंधित चल रहे प्रयासों की जानकारी साझा की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि केंद्र एवं राज्य सरकार मिलकर इन क्षेत्रों में और अधिक प्रभावी कार्य करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष वर्णिका शर्मा उपस्थित थीं।

# महादेवघाट में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का शुभारम्भ

## एक पेड़ माँ के नाम महादेवघाट में श्रीहनुमानजी मन्दिर के समीप किया रोपित

रायपुर,संवाददाता

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देश पर भारत गणराज्य के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के शुभारम्भ अवसर पर रायपुर नगर पालिक निगम के जोन क्रमांक 8 के अंतर्गत माधव राव सप्रे वार्ड क्रमांक 69 के अंतर्गत महादेवघाट रायपुरा में रखे गए आयोजन में प्रदेश के पूर्व केबिनेट मन्त्री रायपुर पश्चिम विधायक श्री राजेश मूणत और रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे नगर निगम की एमआईसी सदस्य श्रीमती सुमन अशोक पाण्डेय, माधव राव सप्रे वार्ड पार्षद श्री महेन्द्र औसर, पण्डित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड पार्षद श्री आशु चंद्रवंशी, सामाजिक कार्यकर्त्ता श्री नवीन शर्मा सहित नगर निगम जोन 8 कार्यपालन अभियंता श्री अतुल चोपड़ा, सहायक अभियंता श्री अनुराग पाटकर, उप अभियंता श्री लोचन प्रसाद चौहान, जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री गोपीचंद देवांगन, स्वच्छता निरीक्षक श्री रितेश झा सहित रायपुरा स्कूल के विद्यार्थियों, गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, महिलाओं, आमजनों, नवयुवकों सहित सम्मिलित हुए और नागरिकों के मध्य स्वच्छता को लेकर जनजागरण किया। रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत और महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने महादेवघाट में श्रीहनुमानजी के मन्दिर के समीप भारत गणराज्य के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर एक पेड़ माँ के नाम रोपित किया. रायपुर पश्चिम विधायक और महापौर ने एमआईसी सदस्य और वार्ड पार्षदों सहित स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान के शुभारम्भ दिवस पर महादेवघाट में सुलभ शौचालय के समीप झाड़ू लगाकर कचरा उठाकर स्वच्छता कायम कर नागरिकों सहित स्वच्छ शौचालय का जन-जन को सकारात्मक स्वच्छता सन्देश दिया।



## प्रदेश में अब तक 1026.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज



**रायपुर,** छत्तीसगढ़ में 1 जून से अब तक 1026.9 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा स्थापित राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में अब तक बलरामपुर जिले में सर्वाधिक 1454.6 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। बेमेतरा जिले में सबसे कम 493.6 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है।

रायपुर संभाग में रायपुर जिले में 895.3 मि.मी., बलौदाबाजार में 749.4 मि.मी., गरियाबंद में 900.4 मि.मी., महासमुंद में 730.6 मि.मी. और धमतरी में 932.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। बिलासपुर संभाग में बिलासपुर जिले में 1073.3 मि.मी., मुंगेली में 1035.7 मि.मी., रायगढ़ में 1248.3 मि.मी., सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 874.6 मि.मी., जांजगीर-चांपा में 1230.1 मि.मी., सक्ती में 1121.6 मि.मी., कोरबा में 1044.1 मि.मी. और गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही 986.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है।

दुर्ग संभाग में दुर्ग जिले में 795.9 मि.मी., कबीरधाम में 750.1 मि.मी., राजनांदगांव में 870.7 मि.मी., मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 1239.3 मि.मी., खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 753.1 मि.मी. और बालोद में 1075.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। सरगुजा संभाग में सरगुजा जिले में 729.2 मि.मी., सूरजपुर में 1087.8 मि.मी जशपुर में 1003.3 मि.मी., कोरिया में 1145.3 मि.मी. और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 1041.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है।

बस्तर संभाग में बस्तर जिले में 1405.9 कोंडागांव जिले में 954.7 मि.मी., कांकेर में 1148.5 मि.मी., नारायणपुर में 1238.1 मि.मी., दंतेवाड़ा में 1379.3 मि.मी., सुकमा में 1088.2 मि.मी. और बीजापुर में 1412.9 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है।

### बदली और निरंतर वर्षा से धान और सब्जियों के सफल पर विपरीत असर

# धूप निकलने से किसानों को मिली राहत

**रायपुर,** )। निरंतर बदली छाए रहने के कारण धान और सब्जियों में कीड़े लग रहे हैं, जिसके चलते टमाटर और फूल गोभी की सब्जियां खराब हो रही है, जिसके कारण फूल गोभी और टमाटर के रेट गिर गए हैं। इधर मौसम साफ होने और धूप निकलने से इससे राहत मिलने की संभावना है।

कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार निरंतर बदली छाए रहने के कारण जहां धान में भूरा माहो तथा सफेद माहो का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। आरंग, धरसीवां और अभनपुर में इस आशय की शिकायत आ रही है। वहीं स्थानीय सब्जियों के उत्पादन पर भी इसका असर पड़ रहा है। टमाटर की फसल खराब हो रही है, वहीं फूल गोभी में भी कीड़े फड़ रहे हैं। निरंतर वर्षा के कारण ग्रामीण क्षेत्रों से सब्जियों की आवक भी कम पड़ गई है। नवरात्रि के कारण फलों की डिमांड भी बढ़ती जा रही है। जिसके कारण केला और सेव महंगा होने का आसार है। मौसम विभाग के अनुसार एक ऊपरी चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पूर्वी बिहार और उसके आसपास स्थित है तथा या 3.1 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। दूसरा ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पूर्वी बिहार और उसके आसपास 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने की भी संभावना है। वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है।



# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 1 नवंबर को आगमन की भव्य स्वागत की तैयारियां

### नये विस का करेंगे उद्घाटन

**रायपुर,** देश के प्रधानमंत्री एक नवंबर को छग प्रवास पर आ रहे हैं। आज विस में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय विस अध्यक्ष रमन सिंह तथा उपमुख्यमंत्री अरूण साव एवं विजय शर्मा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसमें नवा रायपुर में नये विस के भवन में उद्घाटन को लेकर समस्त तैयारियों के संबंध में महत्वपूर्ण चर्चा हुई।

विस के प्रवक्ता के अनुसार नवीन विस का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक नवंबर को करेंगे। इसके पश्चात शीतकालीन सत्र नई विस में होगा। विस अध्यक्ष रमन सिंह ने गत दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी तथा उन्हें आने के लिए आमंत्रित किया था जिसे प्रधानमंत्री कार्यालय में स्वीकार कर लिया है। इसके पश्चात इनके स्वागत की तैयारियां से जोरशोर प्रारंभ हो गई है। नया रायपुर में मंत्रालय और सचिवालय के बीच में नई विस बनाई गई है। जो कि 52 एकड़ में है। यह विस आधुनिक तकनीक से युक्त है। इसमें प्रत्येक सदस्य के सामने एक टेबलेट लगाया गया है। जिसमें वह प्रश्न का उत्तर देख सकता है।

छग विस में वर्तमान में कुल 90 सीट है। नई विस में कुल दो सौ सदस्यों की बैठने की व्यवस्था की गई है ताकि परिसीमन के पश्चात यदि प्रश्नों की संख्या बढ़ती है तो यहां पर सदस्य आराम से बैठ सके। आज की बैठक में मुख्य सचिव अमिताभ जैन सहित लोकनिर्माण के अधिकारी उपस्थित थे। नई विस में फर्नीचर तथा पेंटीन सहित अन्य कार्य तेजी से कराये जा रहे हैं।



स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक प्रेमेन्द्र अग्रवाल द्वारा अस्मा पब्लिशर्स इण्डिया प्राईवेट लि.,जयस्तंभ चौक, रायपुर 492001 छ.ग. से मुद्रित तथा C-50 रामा लाईफ सिटी, साकरी, बिलासपुर 495003 (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक – राजेश अग्रवाल ।
(किसी भी विवाद पर न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा) www.lokshakti.in, lokshaktidaily@gmail.com, twitter.com/lokshaktidaily, facebook.com/lokshaktidaily